


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

साझा करें अपने मित्रों से

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल









## नक्सली वारदात: सीआरपीएफ कैंप पर हमला, फायरिंग में तीन जवान घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों ने सोमवार सुबह सीआरपीएफ कैंप पर हमला कर दिया। नक्सलियों की ओर से की गई फायरिंग में तीन जवानों के घायल होने की सूचना है। इस कैंप को एक माह पहले ही खोला गया है। वारदात चिंतागुफा क्षेत्र में हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के बाद नक्सली जंगलों की ओर भाग गए। जवानों सर्चिंग शुरू कर दी है। फिलहाल घटना के सबंध में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है।

बता दें चिंतागुफा क्षेत्र में एलमागुंडा में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का कैंप है। एक माह पहले यहां पर सुरक्षा की दृष्टी से यह कैंप खोला गया था। सोमवार की सुबह 6 बजे के आसपास



अचानक यहां नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग के जवाब में जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया। दोनों ओर से फायरिंग हुई। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगलों की ओर भाग गए। बताया जा रहा है नक्सलियों के हमले के कारण तीन जवान घायल हो गए हैं।

सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का यह कैंप चिंतागुफा से करीब 12 किमी. पश्चिम दिशा और सीआरपीएफ कैंप मीनपा से करीब 5.5 किमी. दक्षिण में स्थित है। कैंप खुलने के बाद जवान यहां सक्रिय हैं और नक्सलियों के मनसुबों पर पानी फिर गया है। इसी बौखलाहट में आज यह हमला किया गया। बता दें दो दिन पहले यहां जवानों ने ग्रामीणों के साथ होली पर जमकर मस्ती की थी।

### कैंप खुलने से नाराज हैं नक्सली

बता दें इस क्षेत्र को धुर नस्कली क्षेत्र कहा जाता है। यह नक्सलियों के लिए सेफ जोन हुआ करता था। यहां से नक्सली अपनी वारदातों को आसानी से अंजाम देते थे। यहां पर कैंप खुलने से नक्सलियों में नाराजगी है। नक्सली नहीं चाहते हैं कि यहां पर कैंप खुले। सुरक्षा व नक्सली मुवमेंट कम करने के लिए यहां पर सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का कैंप शुरू किया गया। एक माह पूर्व शुरू हुआ कैंप के कारण नक्सलियों में बौखलाहट है।

## खास-खबर

### विधानसभा में उठा पलायन का मुद्दा:कांग्रेस विधायक ने ही श्रम मंत्री को घेरा, विधानसभा अध्यक्ष बोले-छत्तीसगढ़ के माथे पर कलंक है पलायन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को पलायन का मुद्दा उठा। अभनपुर से कांग्रेस विधायक धनेंद्र साहू ने इस मामले में श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया को घेरा। डहरिया ने बताया, अधिकतर लोगों को मनरेगा में काम दिया जा रहा है। जो लोग बाहर जा रहे हैं उनके पंजीयन की व्यवस्था है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पलायन को छत्तीसगढ़ के माथे पर कलंक बताया है। प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस विधायक धनेंद्र साहू ने श्रम मंत्री से पूछा कि वर्ष 2021-22 में महासमुंद जिले के कितने मजदूर मजदूरी के लिए दूसरे प्रांतों में पलायन किया है। जवाब में श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने बताया, चालू वित्तीय वर्ष में महासमुंद जिले के 551 गांवों से 30 हजार 9 मजदूर दूसरे राज्यों में गए हैं। इसी दौरान दो लाख 50 हजार 547 लोगों को मनरेगा में काम दिया गया। इन्हें 10 हजार 819 लाख 88 हजार रुपए की मजदूरी भी दी गई है। विधायक धनेंद्र साहू ने कहा, जितने लोगों के बीच यह मजदूरी बंटी है उसके हिसाब से यह केवल 22 दिनों का काम है। ऐसे में किसी व्यक्ति का परिवार कैसे चलेगा। विधायक ने पूछा कि ईंट भट्?ठा मजदूर जैसे जो कुशल श्रमिक हैं, उनके लिए उनकी विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में काम उपलब्ध कराया गया है या नहीं? श्रम मंत्री ने बताया, कलेक्टरों को स्किल मैपिंग का निर्देश दिया गया है।

## सौगात : मॉरिसन-मोदी शिखर वार्ता आज, बैठक से पहले लौटाए 29 बहुमूल्य पुरातत्व अवशेष



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन के बीच आज वर्चुअल शिखर वार्ता होने जा रही है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने भारत के पुरातत्व महत्व की बहुमूल्य 29 वस्तुओं को लौटा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को इन वस्तुओं का अवलोकन किया। केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से कई देशों से बहुमूल्य ऐतिहासिक वस्तुएं वापस लाई जा रही हैं। इनमें ज्यादातर पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व की मूर्तियां शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 29 बहुमूल्य वस्तुएं लौटाई हैं, जो 9वीं से 10वीं सदी में अलग-अलग काल से संबंधित हैं।

ऑस्ट्रेलिया से लाए गए अवशेषों में भगवान शिव, विष्णु व देवी शक्ति की प्रतिमाएं व जैन परंपरा की मूर्तियां व सजावटी वस्तुएं हैं। इन 29 पुरावशेषों को विषयों के अनुसार 6 श्रेणियों में बांटा गया है।पीएमओ ने ट्वीट कर बताया कि इन 29 पुरावशेषों में मुख्य रूप से बलुआ पत्थर, संगमरमर, कांस्य और पीतल की मूर्तियां और पेंटिंग शामिल हैं। ये राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल से जुड़ी हैं।

## भाजपा को वोट देने पर महिला को घर से निकाला, तीन तलाक की धमकी भी दी

**बरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के हैरान करने वाली खबर सामने आई है। एक महिला का आरोप है कि भाजपा को वोट देने पर उसके परिवार ने उसे घर से निकाल दिया। साथ ही तलाक देने के धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, भाजपा को वोट देने से नाराज एजाजनगर गौंटिया निवासी उजमा अंसारी को घर से निकाल दिया। पति ने तलाक की धमकी दी है। उजमा की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### पति के साथ वह किराये के मकान में रह रही थी

उजमा पुलिस को बताया जनवरी 2021 को एजाजनगर गौंटिया के तस्लीम अंसारी से उनका निकाह हुआ था। पति के साथ वह किराये के मकान में रह रही थी। 12 फरवरी उनके पति के मामू तैयब ने उनके घर आकर सपा को वोट को देने को कहा।

### पति को बुलाकर उन्हें तलाक की धमकी दिलाई

14 फरवरी को जब वह मतदान करके घर पहुंची तो तैयब और देवर आरिफ उनके घर पहुंचे। उनसे पूछा, कि वोट किसे दिया। उन्होंने जवाब दिया कि तीन तलाक कानून बनाने और गरीबों को राशन देने कारण उन्होंने भाजपा को वोट दिया है। इस पर नाराज होकर दोनों ने पति को बुलाकर उन्हें तलाक की धमकी दिलाई। फिर 11 मार्च को उन्हें घर से निकाल दिया। धमकी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो तलाक देने के साथ ही उनके भाई की हत्या कर दी जाएगी। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## योगी सरकार में होंगे 48 मंत्री: 14 पुराने मंत्रियों ने नई कैबिनेट बनाने का काम किया आसान, मौर्य की वापसी तय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में नई सरकार में मंत्रिमंडल का आकार बृहस्पतिवार को होने वाली विधायक दल की बैठक से पहले ही तय कर लिया जाएगा। मंत्रियों की सूची पर सोमवार और मंगलवार को विस्तार से चर्चा होगी। योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को करीब 48 मंत्रियों के साथ शपथ लेंगे। नई टीम में सभी जातियों और क्षेत्र को प्रतिनिधित्व मिलेगा। पार्टी सूत्रों ने बताया कि योगी सरकार की नई टीम पर 16 मार्च को मैराथन बैठक के बाद विस्तृत सूची तैयार कर ली गई है। करीब 60 नामों की विस्तृत सूची में फिलहाल नए मंत्रिमंडल का एक खाका खींचा गया है। इसको अंतिम रूप दिया जाना अभी बाकी है। अगले दो दिनों में इन नामों पर करीब 15 नाम कम किए जाएंगे। विस्तृत सूची में खासतौर से ओबीसी से जुड़े लगभग हर जाति का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है।

### इन मंत्रियों की हुई हार

सिराथू विधानसभा सीट से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सपा की उम्मीदवार ने हरा दिया। शामली की थाना भवन सीट से गन्ना मंत्री सुरेश राणा चुनाव हार गए। ग्रामीण विकास मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह को भी हार का सामना करना पड़ा है। चित्रकूट में समाजवादी पार्टी के अनिल कुमार ने मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय को मात दी। बलिया की बैरिया विधानसभा सीट से मंत्री रहे आनंद स्वरूप शुक्ला को भी सपा के जयप्रकाश ने पराजित किया। यूपी के खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी फेफना सीट पर हार गए। इनके अलावा बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी को भी हार का मुंह देखना पड़ा। मंत्री लखन सिंह राजपूत भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। मंत्री संगीता बलवंत को भी हार का मुंह देखना पड़ा। फतेहपुर जिले की हुसैन गंज सीट पर मंत्री रणवेंद्र सिंह धुन्नी की हार हुई उन्हें समाजवादी पार्टी की उषा मौर्य ने मात दी। बहेरी सीट से मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार भी हार गए।

वहीं, चुनाव से पहले ही स्वामी प्रसाद मौर्य, धर्म सिंह सैनी और दारा सिंह चौहान ने भाजपा छोड़ साइकिल पर सवार हो गए थे। इनमें स्वामी प्रसाद मौर्य, धर्म सिंह सैनी चुनाव हार गए, जबकि दारा सिंह चौहान को जीत मिली।

पार्टी की सहयोगी निषाद पार्टी और अपना दल को एक-एक कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा। इसके बाद अगले साल होने वाले विस्तार में अपना दल को एक राज्य मंत्री का पद दिया जाएगा।


### मौर्य का डिप्टी सीएम बनना लगभग तय

बीते 16 मार्च को हुई बैठक में सिराथू से चुनाव हारने वाले डिप्टी सीएम मौर्य को फिर से पुरानी जिम्मेदारी देने पर सैद्धांतिक सहमति थी। मौर्य की हार को कई कारणों से सहज माना गया है। कहा गया कि चूंकि वह विधान परिषद के सदस्य के साथ उपमुख्यमंत्री थे। ऐसे में वह किसी एक विशेष सीट पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाए।

### कई मंत्रियों के हारने से नई टीम का काम आसान

विधानसभा चुनाव में ग्यारह मंत्री हार गए, जबकि तीन मंत्रियों ने चुनाव से पहले पाला बदल लिया। हारने वालों में तीन कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार और आठ राज्य मंत्री थे। इनमें से बस मौर्य की ही मंत्रिमंडल में वापसी होगी।

## रमदहा वाटरफॉल में पिकनिक मनाने आए एमपी के तीन युवकों की डूबने से मौत



श्रीकंचपनथ न्यूज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में स्थित रमदहा जलप्रपात में शनिवार दोपहर मध्य प्रदेश से पिकनिक मनाने पहुंचे 13 युवकों में से तीन युवक नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गए। सूचना पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने दो युवकों के शवों को बरामद कर लिया है। डूबे तीसरे युवक का शनिवार देर शाम तक पता नहीं चल सका था। अंधेरा हो जाने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रविवार को शुरू किया गया, तब तीसरे दिन शव मिला।

मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के कोटाडोल थाना क्षेत्र स्थित रमदहा जलप्रपात में शनिवार को मध्य प्रदेश के उमरिया जिला के मानपुर से 13 युवक पिकनिक मनाने पहुंचे थे। दोपहर करीब 1 बजे सभी युवक नहाने के लिए पानी में उतरे थे। नहाने के दौरान 3 युवक गहरे पानी में चले गए और बाहर नहीं निकल सके। 3 युवकों के डूबने की जानकारी मिलते ही वहां पहुंचे लोगों में हडकंप मच गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस बल रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंची और डूबे युवकों की तलाशी अभियान शुरू किया।

### तीन युवकों की मौत से परिवार में मातम

रेस्क्यू टीम द्वारा स्थानीय युवाओं की मदद से मशक्कत के बाद रामकिशोर पटेल (26 वर्ष), विमल गुप्ता (24 वर्ष) का शव बरामद कर लिया। दोनों का शव नदी के बहाव की दिशा में घटना स्थल से कुछ दूर पर मिला। डूबे तीसरे युवक दीपक गुप्ता (27 वर्ष) का पता नहीं चल सका है। तीसरे दिन फिर रेस्क्यू अभियान चलाया गया तब उसका भी शव बरामद किया गया। तीन युवाओं की मौत से उनके घरों में मातम है।

### रविवार तक चलाया गया तलाशी अभियान


मनेन्द्रगढ़ एसडीओपी राकेश कुर्रे ने बताया कि रमदहा जलप्रपात में तीन युवकों के डूब जाने की सूचना पर पुलिस व रेस्क्यू टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें दो युवकों का शव बरामद उसे दिन बरामद कर लिया गया था। एक युवक का शव रविवार को बरामद किया गया। युवकों के परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद वे भी यहां आए। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री व सांसद रामविचार नेताम के सरकारी बंगले में चोरों का धावा, नकदी व गहने ले उड़े चोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम के घर चोरों ने धावा बोलकर गहने व नकदी पार कर दिए। अंबिकापुर स्थित वीवीआईपी के सरकारी बंगले में चोरों ने सेंध लगाकर पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। चोरी के दौरान बंगले में मौजूद सुरक्षाकर्मी और नौकरों को भनक तक नहीं लगी। चोरों ने दो आलमारियों को तोड़ा और माल पार कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने रविवार को अपराध दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार होली की रात को प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम के सरकारी बंगले में चोरी हुई है। घटना वाली रात रामविचार नेताम बंगले में नहीं थे। चोर बंगले में घुस कर आलमारी से सोने के जेवर व नकदी 50 हजार



रुपये ले गए। दूसरे दिन इसकी जानकारी होने के बाद निज सहायक सुब्रत चाकी ने गांधी नगर थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार रामविचार नेताम के सरकारी बंगले से चोरों ने दो अंगूठी, एक हार व 50 हजार रुपये चोरी किए हैं। कुल डेढ़ लाख रुपये का सामान चोरों ने पार किए हैं। शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। और चोरों की तलाश जारी है।

### वीवीआईपी इलाके में चोरों की धमक

पूर्व गृहमंत्री व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम का सरकारी आवास शहर के संरक्षित क्षेत्र में है। यहां आईएएस, आईपीएस, जज, एसडीएम व सरकार के बड़े-बड़े अफसरों के बंगले हैं। यही नहीं प्रदेश के शिक्षा मंत्री का सरकारी बंगला भी इसी क्षेत्र में है। वीवीआईपी इलाके में चोरी ने पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। एक तरह से चोर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि चोर बंगले के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं।

## हादसा टला: दिल्ली से दोहा जा रही फ्लाइट से अचानक निकलने लगा धुंआ, पाकिस्तान में उतारकर बचाई 100 यात्रियों की जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से दोहा जा रही कतर एयरवेज की फ्लाइट में सोमवार को बड़ा हादसा होते बचा। उड़ान के दौरान इस फ्लाइट में अचानक से धुंआ निकलने लगा, जिसके बाद इसे पाकिस्तान के कराची एयरपोर्ट पर आपात स्थिति में उतारा गया। इस विमान में 100 यात्री सवार थे, आपात स्थिति में विमान उतारकर सभी यात्रियों की जान बचाई गई।




जानकारी के मुताबिक, कतर एयरवेज की क्यूआर 579 फ्लाइट ने दिल्ली से दोहा के लिए उड़ान भरी थी। इस दौरान विमान के कार्गो होल्ड से अचानक से धुंआ निकलने लगा। इसके बाद इस उड़ान को पाकिस्तान के लिए मोड़ दिया गया और वहां पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। पाकिस्तान के कराची एयरपोर्ट पर विमान को खाली करा लिया गया। अधिकारियों का कहना है कि, विमान की जांच की जा रही है।

## सुकमा में माओवादी संगठन को लगा बड़ा झटका, हिंसा का रास्ता छोड़ 10 महिला सहित 24 नक्सलियों ने किया सरेंडर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के अति संवेदनशील सुकमा जिले में फोर्स को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पुना नर्कोम (नई सुबह-नई शुरुआत) अभियान के तहत 24 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ सरेंडर कर दिया। समर्पण करने वालों में 10 महिला नक्सली भी शामिल हैं। सभी नक्सली लंबे समय से माओवादी संगठन से जुड़कर काम कर रहे थे। बड़ी संख्या में नक्सलियों के समर्पण से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है।

सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पुना नर्कोम अभियान के तहत 10 महिला सहित 24



नक्सलियों ने किस्टाराम थाना क्षेत्र के पोटकपल्ली नवीन कैंप में सरेंडर किया है। प्रमोद चौधरी टूआईसी 208 बटालियन कोबरा, पीके साहू टूआईसी 212 बटालियन सीआरपीएफ कपील बेनिवाल डीसी 208 वाहिनी कोबरा, कृष्ण कुमार डीसी 208वीं वाहिनी कोबरा, अमित पाल सिंह डीसी 204वीं वाहिनी कोबरा, सुनील चिन्ची डीसी 212वीं बटालियन सीआरपीएफ गिरिजा शंकर साव डीएसपी (नक्सल ऑपरेशन) कोंटा के समक्ष बिना हथियार के सरेंडर कर दिया। आत्म समर्पित नक्सली फोर्स को नुकसान पहुंचाने सहित कई घटनाओं में शामिल रहे हैं।

### इन नक्सलियों ने छोड़ा हिंसा का रास्ता

सरेंडर करने वाले नक्सलियों में सोडी कोसा, वेट्टी हड़मा, माडवी आयता, ओयम जोगा, वेट्टी हुंगा, वेट्टी भीमा, मड़कम हांदा, सोड़ी हुंगा, सोड़ी भीमा, वेट्टी देवी, वेको देवा, वेट्टी गंगा, सोड़ी हिड़मा, वेट्टी जोगा, वेट्टी भीमें, वेट्टी नंदे, वेट्टी मुये, वेट्टी देवे, किच्चे भीमे, किच्चे रामे, माड़वी हुंगी, सोड़ी सोमड़ी, सोड़ी सोमड़ी व वेट्टी मासे शामिल हैं। सभी ग्राम पोटकपल्ली, थाना-किस्टाराम, जिला-सुकमा के निवासी हैं। सभी मिलिशिया सदस्य हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों के समर्पण से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है।

### ग्रामीणों के साथ सरेंडर करने आए नक्सली

एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि होली मिलन के दौरान पोटकपल्ली के 100-120 की संख्या में ग्रामीण नक्सलियों को साथ लेकर सरेंडर कराने आए थे। ग्रामीणों ने बताया कि माओवादियों के बहकावे व दहशत की वजह से वे नक्सल संगठन से जुड़े थे, लेकिन वे अब क्षेत्र और गांव के विकास के लिए काम करना चाहते हैं। सरेंडर करने वाले नक्सलियों व कैंप में उपस्थित वरिष्ठ अफसरों के साथ होली पर्व मनाया गया। एसपी शर्मा ने बताया कि फोर्स के दबाव में नक्सली समर्पण कर रहे हैं या फिर मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरेंडर करने वाले नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा।

## संपादकीय

# जापान के साथ

भारत और जापान के बीच बढ़ते संबंधों की जितनी सराहना की जाए कम होगी। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की पहली भारत यात्रा अपेक्षा अनुरूप ही बहुत फलदायी रही है। दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास इनके बीच होने वाले व्यावसायिक, तकनीकी, सांस्कृतिक, रणनीतिक समझौतों में साफझलकता है। कुछ ही देश हैं, जिनके प्रति भारतीयों को स्वाभाविक लगाव है, उनमें से एक जापान सबसे अलग है। दोनों देशों के बीच व्यापार की मात्रा उम्मीद और लक्ष्य के अनुरूप बढ़ती जा रही है, तो कोई आश्चर्य नहीं। सबसे बड़ी बात कि जापान आगामी पांच वर्षों में भारत में 3.20 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। चूंकि साल 2014 में तय लक्ष्य कमोबेश हासिल हो चुके हैं, इसलिए भी उम्मीदें बढ़ गई हैं। दोनों देशों के बीच मोटे तौर पर छह से ज्यादा समझौते हुए हैं। तकनीकी, व्यवसाय, पर्यावरण, साइबर सुरक्षा इत्यादि के स्तर पर भी भारत को फायदा होने वाला है। यह बहुत खुशी की बात है कि आज भारत में 1,455 जापानी कंपनियां हैं। ग्यारह जापानी औद्योगिक टाउनशिप (जेआईटी) की स्थापना की गई है। जापान विदेशी पूंजी निवेश के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा स्रोत है।

> यह आयोजन चीन में होना है, जापान चाहता है कि भारत इस सम्मेलन या सहयोग योजना में शामिल हो। लेकिन अब भारत ने यह साफकर दिया है कि जब तक सीमा विवाद नहीं सुलझ जाता, तब तक चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते। हम जानते हैं कि लद्दाख गतिरोध का समाधान नहीं हो पा रहा है। लगता है, चीन ने पिछले सप्ताह हॉट स्प्रिंग से पीछे हटने की बात कहकर जापानी प्रधानमंत्री की भारत यात्रा की पृष्ठभूमि तैयार की थी, लेकिन भारत को सावधान रहना चाहिए। पूरे सद्भाव, सहयोग के साथ जापान को साथ रखते हुए अपनी सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

भारत-जापान के बीच कोरोना की वजह से पिछले दो वर्ष से उच्चस्तरीय वार्ता एक तरह से रुकी हुई थी और अब फुमियो किशिदा पहली बार भारत आए हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल 2014 में जापान गए थे और उसके बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों को और बल मिला है। जापान आज एक शांत और सांस्कृतिक रूप से सजग देश है। वह भारत की तरह ही शांति का समर्थक है, उसका भी किसी तरह का साम्राज्यवादी एजेंडा नहीं है। इसलिए दोनों देशों के बीच विशेष लगाव का विस्तार न केवल एशिया, बल्कि विश्व के लिए भी कारगर रहा है। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, अनेक मेट्रो परियोजनाएं जापान के सहयोग से बहुत सफलतापूर्वक चल रही हैं। बुनियादी ढांचे में जापान से मिला सहयोग साफझलकता है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों के विकास में भी जापान हमारा बहुत सहयोग कर रहा है।

कौशल विकास में भी जापान का बड़ा योगदान है और किसी भी अन्य देश की तुलना में प्रशिक्षण और अनुशासन सिखाने में जापान श्रेष्ठ है। जापान हमें न केवल उदारता से ऋण देता है, हमें विकास करना भी सिखाता है। ऐसे देश के साथ संबंध विस्तार की कोई भी कोशिश स्वागतयोग्य है। भारत को रणनीतिक रूप से भी जापान को संदेश देते रहना चाहिए। जापान विगत कुछ वर्षों से ब्रिक्स की तरफदारी कर रहा है। इसी साल के अंत में ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन के लिए मंच तैयार हो रहा है। यह आयोजन चीन में होना है, जापान चाहता है कि भारत इस सम्मेलन या सहयोग योजना में शामिल हो। लेकिन अब भारत ने यह साफ कर दिया है कि जब तक सीमा विवाद नहीं सुलझ जाता, तब तक चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते। हम जानते हैं कि लद्दाख गतिरोध का समाधान नहीं हो पा रहा है। लगता है, चीन ने पिछले सप्ताह हॉट स्प्रिंग से पीछे हटने की बात कहकर जापानी प्रधानमंत्री की भारत यात्रा की पृष्ठभूमि तैयार की थी, लेकिन भारत को सावधान रहना चाहिए। पूरे सद्भाव, सहयोग के साथ जापान को साथ रखते हुए अपनी सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

> यूक्रेन संकट के बाद तेल के दामों को देखते हुए। अभी तो भारत को रूस से सस्ता तेल मिलने की उम्मीद बंधी है, फिर भी कच्चे तेल के दाम सरकार के अनुमान से कहीं ऊंचे हैं। आम खरीदार तक महंगाई कैसे पहुंचेगी, यह सिर्फथोक और खुदरा सूचकांक में नहीं दिखता। सरसों के तेल से लेकर बिस्कुट के पैकेट तक, सबके दाम दाम बढ़ रहे हैं। यानी, जेब पर बोझ तो बढ़ रहा है, मगर जेब भरेगी कैसे, इसका इंतजाम दिखाई नहीं देता।

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

# दो साल बाद भी मुश्किलें बरकरार

अब से चार दिन बाद भारत में लॉकडाउन के दो साल पूरे हो जाएंगे। 22 मार्च को जनता कर्फ्यू लगा था और 24 मार्च को रात आठ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश दिया था। उन्होंने कहा, 'हिन्दुस्तान को बचाने के लिए, हिन्दुस्तान के हर नागरिक को बचाने के लिए... आज रात 12 बजे से घर से बाहर निकलने पर पूरी तरह पाबंदी लगाई जा रही है।' प्रधानमंत्री को पता था कि यह कदम महंगा पड़ने वाला है। उन्होंने कहा भी कि इस लॉकडाउन की आर्थिक कीमत भारत को चुकानी पड़ेगी, लेकिन उस समय देश की जनता को बचाना बड़ी प्राथमिकता थी। हालांकि, आज यह कहना बहुत मुश्किल है कि किसी को इस बात का अंदाजा भी था कि यह कदम कितना महंगा पड़ने वाला है।

प्रधानमंत्री का एलान खत्म भी नहीं हुआ था कि हर शहर की सड़कों और बाजारों में भगदड़ मच चुकी थी। लोग पूरी-पूरी दुकानें खरीदकर घर भरने में जुटे हुए थे, क्योंकि चार घंटे से भी कम का वक्त था उनके पास और उसके बाद क्या होगा, किसी को यह पता नहीं था। बाद में आंकड़े आए, तो पता चला कि इन चार घंटों की वजह से ही मार्च के आखिरी हफ्ते में रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों की खपत 80 फीसदी बढ़ गई थी। और, उसके अगले हफ्ते बिक्री में करीब 47 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि, उसके बाद अप्रैल के तीसरे हफ्ते में एक बार फिर खपत तेज हुई, और जब सरकार ने लॉकडाउन बढ़ाने का एलान किया, तब फिर एफएमसीजी सामान की बिक्री लगभग ढाई गुना बढ़ गई। लेकिन इस खरीद-बिक्री का बहुत बड़ा हिस्सा घरों में बैठकर ही या ऑनलाइन चल रहा था।



फिटनेस का ख्याल रखने वाले ज्यादातर लोग आजकल हिसाब रखते हैं कि वे दिन भर में कितने कदम चले। इसको नापने के लिए मोबाइल एप हैं और अलग से फिटनेस बैंड या एक्टिविटी ट्रैकर भी। ऐसे ही एक एक्टिविटी ट्रैकर चलाने वाली कंपनी ने आंकड़े जारी किए कि बड़ा लॉकडाउन लगने के पहले 15 दिन में ही देश में लोगों के चलने का आंकड़ा 62 प्रतिशत तक गिर चुका था, यानी कदम थम रहे थे।

लेकिन ये एक्टिविटी ट्रैकर देश की पूरी तस्वीर नहीं दिखा रहे थे। दिखाते, तो लॉकडाउन शुरू होने के साथ ही देश का ऐवरेज स्टेप काउंट कई गुना हो चुका होता। लॉकडाउन के पहले दिन मुंबई और दिल्ली के रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों पर इसकी आहट दिखाई पड़ी, तो अगले कुछ दिनों में देश भर के राजमार्गों पर लाखों की तादाद में पैदल, साइकिल, रिक्शा और टेंपो या छोटी गाड़ियों पर सफर करते लोग छा चुके थे। विश्व बैंक का अनुमान है कि करीब चार करोड़ लोग इस तरह दर-दर भटकते हुए शहर से गांव की ओर निकले थे। इनमें से बहुतों ने सैकड़ों किलोमीटर का, तो कुछ ने हजारों किलोमीटर का सफर पैदल या साइकिल से तय किया।

इस कहानी का दूसरा पहलू भी कम दर्दनाक नहीं है। बड़े-छोटे शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में सभी तरह के कारोबार ठप होने का असर सीधे-सीधे उनकी कमाई पर पड़ा। बड़ी कंपनियां तो काफी हद तक इसे झेल गईं। हालांकि, बहुत जगह इसी वक्त तनख्वाह में कटौती और छंटनी भी हुई, लेकिन कुल कारोबार की तुलना में यह बहुत कम था। फिर बड़ी कंपनियों का काम इसलिए भी पटरी से कम उतरा, क्योंकि उन्होंने तेजी से 'वर्क फ्रॉम होम' शुरू कर दिया। लेकिन छोटे और मध्यम श्रेणी के कारोबारियों के लिए यह रास्ता था ही नहीं। कुछ जरूरी चीजों को छोड़कर बाकी दुकानों के शटर बंद हो गए, जो महीनों तक नहीं खुले। जाहिर है, जो खुद नहीं कमाएगा, वह स्टाफ को भला कब तक और कैसे तनख्वाह देता रहेगा? लॉकडाउन शुरू होते ही 12 करोड़ लोग एक झटके में बेरोजगार हो गए थे।

एक साल बाद हालात सुधरने के आसार बन रहे थे कि कोरोना की दूसरी और तीसरी लहर ने एक बार फिर कहर ढा दिया। सरकारी आंकड़ों पर ही भरोसा करें, तो भारत में 23 करोड़ लोग गरीबी की रेखा के नीचे जा चुके हैं। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि गरीबों की गिनती घटने के बजाय बढ़ रही है।

लॉकडाउन का सबसे बड़ा नुकसान किसे हुआ? इसके जवाब में होटल, रेस्तरां, एयरलाइंस, टूरिज्म, जिम, छोटे कारोबारी और दुकानदार वगैरह के नाम तो खूब गिनाए जाते हैं, लेकिन सबसे बड़ी मार पड़ी है कारीगरों, यानी कोई न कोई हुनर जानने और उसके भरोसे अपनी रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों पर। हैरानी की बात यह है कि हस्तशिल्प के कारोबार में लगे इन लोगों की गिनती का कोई पक्का आंकड़ा तक नहीं है। अलग-अलग अध्ययनों में इनकी गिनती 70 लाख से लेकर 20 करोड़ तक बताई जाती है। कोरोना ने इनमें से कम से कम 40 फीसदी लोगों को काम छोड़ने पर मजबूर कर दिया और 20 प्रतिशत से ज्यादा लोगों की सालाना कमाई एक चौथाई ही रह गई।

उधर रोजगार का ताजा आंकड़ा भी दिखा रहा है कि नौजवानों के दुख भरे दिन अभी बीते नहीं हैं। कोरोना काल के पहले लॉकडाउन के लगते ही अप्रैल से जून 2020 के बीच 30 साल से कम के नौजवानों में बेरोजगारी दर करीब 35 फीसदी पहुंच गई थी। उसके बाद इसमें लगातार सुधार हो रहा था, हालांकि कभी भी यह 20 प्रतिशत से नीचे नहीं जा पाई। लेकिन कोरोना की दूसरी लहर के बाद, यानी बीते साल अप्रैल से जून के बीच यह फिर उछलकर 25.9 प्रतिशत हो गई है। और, यहां भी इसी उम्र की लड़कियों में बेरोजगारी 31 फीसदी पर पहुंच गई है।

बेरोजगारी और कमाई की कमी से जूझते लोगों के सामने अब महंगाई का खतरा और बढ़ रहा है। खासकर, यूक्रेन संकट के बाद तेल के दामों को देखते हुए। अभी तो भारत को रूस से सस्ता तेल मिलने की उम्मीद बंधी है, फिर भी कच्चे तेल के दाम सरकार के अनुमान से कहीं ऊंचे हैं। आम खरीदार तक महंगाई कैसे पहुंचेगी, यह सिर्फ थोक और खुदरा सूचकांक में नहीं दिखता। सरसों के तेल से लेकर बिस्कुट के पैकेट तक, सबके दाम दाम बढ़ रहे हैं। यानी, जेब पर बोझ तो बढ़ रहा है, मगर जेब भरेगी कैसे, इसका इंतजाम दिखाई नहीं देता।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

लीलाधर मंडलोई,वरिष्ठ कवि

# बेहतर जीवन की कोशिश में हमारे साथ चलती कविता

कोरोना से बचकर, कुछ अपनों को खोकर भी जब हम जीने की कोशिश में हैं, तब परोक्ष रूप से युद्ध से घिर उठे हैं। यह परोक्ष प्रभाव के स्तर पर भी इतना खतरनाक है कि हमारी चेतना बम, टैंक और मिसाइलों के विस्फोटों से घबराती हुई है। मानो युग तीसरे विश्वयुद्ध के कगार पर है। पहले और दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान मनुष्यता पर आए विनाश के संकट को सबसे पहले कविता ने दर्ज किया था। दरअसल, वह उन भीषण कालों की आज भी विश्वसनीय गवाह है। कविता सवाल उठाती है। आगाह करती है। कविता सच का प्रत्याखान रचती है। चंद्रकांत देवताले की पंक्तियां हैं, मेरी किस्मत में यही अच्छा रहा/ कि आग और गुस्से ने मेरा साथ कभी न छोड़ा/ और मैंने उन लोगों पर कभी यकीन नहीं किया/ जो घृणित युद्ध में शामिल हैं। आज का समय भयावह है। चारों ओर अनेक समस्याएं हैं। समय इतनी द्रुतगति में है कि उसे पकड़ना तो दूर, समझना भी कठिन होता जा रहा है। तब आभासों और भ्रमों के इस संश्लिष्ट समय में कविता ही उसे दर्ज कर पा रही है। उसने पर्यावरण और जैव पारिस्थितिकी के खतरों के खिलाफ भी हस्तक्षेप किया। कुर्दिस्तान के कवि शर्कोबेकस कविता में कहते हैं, निकाल दो फूल अगर मेरी कविताओं से/ चार में से एक ऋतु मर जाएगी/ निकाल लो अगर हवा,/ दो ऋतुओं की हो जाएगी मौत।/ निकाल दो कविता से रोटी,/ मर जाएंगी तीन ऋतुएं/ निकाल दो आजादी मेरी कविता से/ सभी ऋतुएं मर जाएंगी और मैं भी।



आप देखते हैं कि अमंगल से घिरी इस दुनिया में कविता में चेतावनी कितनी पारदर्शी है। यह विश्व की सभी भाषाओं की कविता में दर्ज है। इस तरह वह एक वैचारिकी है। अपनी स्थानिकताओं में वह वैश्विक सरोकार अभिव्यक्त करती है। नौमान शौक लिखते हैं, बढ़ते रक्षा बजट के साथ असुरक्षित होती दुनिया में/ छतों पर बैठे हैं तेंदुए/ देख रहे हैं चुपचाप/ जंगलों को उजड़ते हुए।

समकालीन विश्व कविता में न्याय की पक्षधरता है। वह मनुष्यता के विरुद्ध हो रही तरह-तरह की साजिशों को दर्ज कर रही है। और यह कविता में लिखा जा रहा इतिहास है। अशोक वाजपेयी हमारे समय को संबोधित करते हुए लिखते हैं, यह समय है कि बढ़ता गाढ़ा अंधेरा/ यह समझना रोज-ब-बरोज मुश्किल होता जाता है।

तब भी वह कवि ही है, जो जीवन में उपस्थित जैविक गंध को पहचान रहा है। वह बचा लेना चाहता है कायनात का मौलिक रूप। वह भूख, गरीबी, कुपोषण, प्रदूषण और बेरोजगारी में छटपटाते सामान्य मनुष्य को अपना नायक बनाता है। वह विश्व भर में जनसाधारण के साथ हो रही क्रूरताओं, असहिष्णुताओं और ज्यादातियों के खिलाफहै। वह वंचितों और शोषितों के मानवाधिकारों के लिए निरंतर संघर्षशील है। वह सत्य को युग सत्य से जोड़कर अपनी बात रखता है। उम्मीद से भरे चिली के कवि जार्ज टेलियर दुनिया का अंत कविता में कहते हैं, पगली बुढ़िया सड़क पर छाता लेकर गुजरेगी/ और मैं खुद से कहूंगा/ दुनिया खत्म नहीं हो सकती/ क्योंकि सामने मेरे आंगन में/ कबूतर और गौरैया झगड़ रहे हैं/ दानों के लिए, अब भी।

समकालीन कविता में मानवीय करुणा और प्रेम केंद्रीय धातु है। वह एक से दूसरी भाषा में प्रवाहित है। वह आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, स्त्री और पिछड़े वर्ग में होते हुए विश्व संवेदना को जानती है और न्यायपूर्ण मानवीय दुनिया को तामीर करने की फिक्रमंद है। कवि आशंकित शोक समय में नैतिक दायित्व के साथ परिदृश्य में है। उनकी सांस्कृतिक-वैज्ञानिक चेतना प्रगतिशील है। उनकी कविता सांप्रदायिक उन्माद का प्रतिरोध करती है। जनतंत्र में भरोसा करती वह दुनिया के गोशे-गोशे में मौजूद है। दुनिया को अपना उपनिवेश बना देने वाली साम्राज्यवादी ताकतों के षड्यंत्र को अनावृत करने का काम वह कर रही है।

मुक्तिबोध के शब्दों में, कविता एक बेहतर दुनिया के निर्माण की पक्षधर है। और यह आवाज विश्व के हर उस प्रगतिशील कवि की है, जो एक उदात्त और खूबसूरत दुनिया चाहता है। उदाहरण के लिए, तुर्की के चर्चित कवि रिफत की कविता कृतज्ञता ज्ञापन आज की कविता में एक उदाहरण बन उठती है, मुझे कृतज्ञ होना चाहिए/ धरती और आकाश का।/ मुझे कृतज्ञ होना चाहिए/ उन सितारों का जिनका नाम भी नहीं मालूम/ प्रार्थना करो/ कि मैं बन जाऊं पानी/ कि मैं बन जाऊं आग।

विश्व कविता दिवस पर यह सोचना सुखद है कि कविता आज अनेक रूपों और विचारों में रहते हुए भी इंसानियत के वजूद की रक्षक की भूमिका में है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

**श्रीमती अंजली जैन की कलम से...**



गुजर-बसर हो रही
तो मौज है, फिर
इस जिंदगी मं और
किसी चीज का क्या
मोल है?

-अंजली जैन
7024460938

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239



























आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### वाटर फॉल धसकुड में तीन लाख की लागत से बनेगा भवन

**महासमुंद।** पर्यटन स्थल धसकुड में तीन लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। आज रविवार को ग्रामीणों की मांग पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने तीन लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। आज रविवार को ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वाटर फॉल धसकुड में भवन नहीं होने से दूरदराज से पहुंचने वाले पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां पर्यटन स्थल को देखने बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। लेकिन भवन की सुविधा नहीं होने से दिक्कतें आती हैं। उन्होंने यहां भवन निर्माण की मांग की। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने तीन लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। भवन निर्माण के लिए राशि की घोषणा पर सरपंच श्रीमती रूपा जयप्रकाश यादव, उपसरपंच हरखराम ध्रुव, जयप्रकाश यादव, रिखीराम, साहसराम, पंकज निषाद, चोवा यादव, गंगाधर ध्रुव आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

### लेखापाल भर्ती परीक्षा में 262 अभ्यर्थी हुये शामिल

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा रविवार 20 मार्च को आयोजित लेखापाल एवं कनिष्ठ लेखपाल भर्ती परीक्षा में 262 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 157 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिले में इस परीक्षा के आयोजन के लिए राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री प्रवीण भगत ने बताया कि लेखापाल व कनिष्ठ लेखापाल भर्ती परीक्षा के लिए अम्बिकापुर में केवल एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा एक पाली में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1:15 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा में शामिल होने 419 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में गौठानों की अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

### मोपका कॉलेज का नामकरण स्वर्गीय रामनाथ वर्मा एवं ग्राम तिल्दाबांधा में पेयजल के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में गौठानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि गौठानों को ग्रामीण आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के अनुरूप राज्य के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। श्री बघेल बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला मुख्यालय में आयोजित बलौदाबाजार राज कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन में को सम्बोधित कर रहे थे।



उन्होंने इस मौके पर मोपका कॉलेज का नामकरण स्वर्गीय रामनाथ वर्मा के नाम पर करने और ग्राम तिल्दाबांधा में पेयजल के लिए अतिरिक्त व्यवस्था घोषणा की। कार्यक्रम में उन्होंने 23 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समाज की ओर से सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने पुष्पा वर्मा द्वारा लिखित चित्रोत्पला प्रेमदीप पुस्तक का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुर्मी समाज प्रगतिशील समाज है। समाज में व्याप्त विभिन्न विसंगतियों को दूर करने सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। किसी भी समाज में परिवर्तन के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है। बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने में राज्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए हैं।

हमें केवल सरकारी नौकरी में ध्यान नहीं देना है,व्यवसाय के तरफ लोगों को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार छत्तीसगढ़िया के अस्मिता को जगाने एवं छत्तीसगढी संस्कृति को बचाने लगातार कार्य कर रही है। स्थानीय तीज त्योहार और खान-पान बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे लोगों में गर्व की अनुभूति हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद धान खरीदी की मात्रा और किसानों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। वर्तमान में खेती के रकबा में वृद्धि हुआ है और इसके प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। राज्य में गोधन योजना से रोजगार और आय के नए स्त्रोत प्रारंभ हुए हैं। जिसके पास पहले कोई रोजगार नहीं होता था। वे भी गोबर बेचकर लाभ कमा रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि गांव की परंपरा को पुनर्जीवित करने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। योजनाओं को चलाने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा गांधी जी के सपनों को साकार करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गौठान को हम केवल गाय-बैल को एकत्र कर रखने का केवल ठौर हीं नहीं बल्कि इसे ग्रामीण आजीविका के महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में विकसित कर रहे हैं। स्थानीय महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट के साथ ही धूप,अगरबत्ती सहित स्थानीय जरूरत की तमाम चीजें तैयार कर रही हैं। खाली पड़े जमीन पर साग-सब्जी उपजा कर अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित कर रहे हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता कुर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा ने की।

उन्होंने सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राम स्वराज के गांधी जी के सपने को मुख्यमंत्री श्री बघेल आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा,संसदीय सचिव एवं विधायक चंद्रदेव राय, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरिश देवांगन,पूर्व विधायक जनकराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कुर्मी समाज के राजप्रधान और पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विकास के लिए समाज में एकता और संगठन जरूरी : मंत्री गुरु रूद्रकुमार



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार आज जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम भदरा में तीन दिवसीय सतगवां सतनाम मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गुरु रूद्रकुमार ने जैतखाम के नीचे बने गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर सत समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

अपने उद्बोधन में गुरु रूद्रकुमार ने पहली बार भदरा आगमन पर यहां के लोगों द्वारा आत्मीय स्वागत के लिए अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए ग्रामीणों को धन्यवाद दिया। उन्होंने भदरा धाम में मूलभूत सुविधाओं एवं भदरा धाम के विकास के लिए डीएमएफ मद से 20 लाख रुपए की घोषणा की।

मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि एकता से ही किसी भी समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है। उन्होंने सतनामी समाज के लोगों का आह्वान कर कहा कि वे संगठित रहें क्योंकि संगठित समाज ही शक्तिशाली होता है। उन्होंने कहा कि गिरौदपुरी मेले में 60 प्रतिशत सतनामी समाज और 40 प्रतिशत अन्य समाज के श्रद्धालु प्रतिवर्ष आते हैं।

इसी प्रकार सतनाम संदेश यात्रा में भी करीब इसी अनुपात में लोग भाग लेकर यात्रा को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाते हैं और बाबा गुरु घासीदास जी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने समाज के लोगों का आह्वान कर कहा कि वे श्वेत पालो के समान अपने व्यक्तित्व को साफ सुंदर और बेदाग बनाएं, तभी जीवन सफल और सार्थक हो सकता है।

इस अवसर पर विधायक रामकुमार यादव, श्रीमती ममता देवी पाटले, डॉ. अमित मिरी, सर्वश्री राजेश्वर भार्गव, दशेराम खांडे, मुन्नू जांगड़े, दिनेश शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, छबिलाल रात्रे, राम विश्वनाथ, गोरेलाल बर्मन और सरोज सारथी, श्रीमती ममता देवी पाटले, रामविश्वास सोनकर और बड़ी संख्या में सतनाम पंथ के अनुयायी उपस्थित थे।

# संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने गृहग्राम डुमाली में स्कूली छात्राओं को किया सायकल वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

कांकेर । राज्य शासन की महती, सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कांकेर कलेक्टर चंदन कुमार जी के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी टी. आर. साहू जी के दिशानिर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमाली तथा सिदेसर की कक्षा नवमीं तथा दसवीं में अध्ययनरत छात्राओं को ग्राम के स्कूल प्रांगण में दिनांक 17 मार्च 2022 को एक गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छ.ग. शासन संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शिशुपाल शोरी जी के कर कमलों से सायकल वितरण किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई तत्पश्चात डुमाली की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के राज-गीत एवं स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शिशुपाल शोरी जी ने अपने उद्बोधन में बच्चों से स्वयं के छात्र जीवन की रोचक बातें साझा करते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा में भी अग्रणी स्थान बनाने हेतु प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक बच्चों को नीट की परीक्षा में सफल होने पर स्कूटी प्रदान करने की घोषणा की। मुख्य अतिथि श्री शोरी जी ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि प्रत्येक विधायक एवं सांसद का यह सपना होता है कि उनका अपना गांव आदर्श ग्राम के रूप में स्थापित हो सके। इस दिशा में उन्होंने अपने गृह ग्राम डुमाली एवं अपने क्षेत्र में किए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी मंच से साझा की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, जनपद पंचायत कांकेर के उपाध्यक्ष रोमनाथ जैन, शा.उ.मा. विद्यालय डुमाली-शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हृदयराम शोरी, जनपद सदस्य हंसराज मटियारा, जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. साहू सहित सिदेसर के प्राचार्य रोशन वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रेरक एवं महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत डुमाली की सरपंच श्रीमती असलता मंडावी तथा ग्राम पंचायत पंडरीपानी, सारंगपाल के सरपंच उपस्थित थे।

कांकेर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी भुवन लाल जैन ने कार्यक्रम का सफल संयोजन किया। इस अवसर पर शिक्षा महाविद्यालय कांकेर के सहायक प्राध्यापक डॉ. कृष्णमूर्ति शर्मा भी उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य श्रीमती कविता बाजपेयी जी के द्वारा अतिथियों का आभार प्रदर्शन तथा मंच संचालन, व्याख्याता श्रीमती मीरा आर्ची चौहान एवं संकुल समन्वयक श्री हेमेंद्र साहसी जी के द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संकुल समन्वयक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमाली के श्री सोहन लाल पटेल, श्रीमती केसर लोन्हारे, श्रीमती अर्चना शुक्ला, श्री वैभव कुमार मेश्राम, श्रीमती बिसाहिन टेकाम, कुमारी अनुराधा ठाकुर, श्री हरिकांत व्यास एवं समस्त कर्मचारियों एवं छात्र - छात्राओं का विशेष योगदान रहा ।

# चहके चिड़िया एवं गौमाता जलकुंड अभियान सातवें वर्ष मे प्रवेश छत्तीसगढ़ के 22 जिलों मे इस अभियान की शुरुवात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** चहके चिड़िया एवम गौमाता जलकुंड अभियान के सातवें वर्ष का आज कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा जी,दुर्ग विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ.प्रशांत श्रीवास्तव सर,साइंस महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.एन सिंह, स्वशासी परीक्षा विभाग नियंत्रक डॉ. कश्यप ने शुभारंभ किया,एस.सी. बॉयज छात्रावास एवं महाविद्यालय एवम विश्वविद्यालय के सकोरे बांधे गए।

सात वर्ष पूर्व पॉकेट मनी से चलाए गए इस अभियान का इस यह सातवां वर्ष है।चहके चिड़िया अभियान की सफलता का आयाम सफल हो रहा हमारा प्रयास पिछले 2 वर्षों से नए रूप में हमने ब्रीडिंग के लिए प्रयासः किया। हस्तनिर्मित घोसलें बनाकर हमने घर की मुंडेर पेड़ो के नीचे बांधे जिसके परिणाम स्वरूप पंछियो की ब्रीडिंग सफल हो पायी। इस सफलता के बाद हम ऐसे ही हस्तनिर्मित घोसलें बड़ी संख्या में इस वर्ष बनाने जा रहे है, 7 वर्षो में हमने हर दिशा में बेहतर प्रयास



कियाआगे और बेहतर करने का हरसंभव प्रयासः कर रहे है। पिछले 6 वर्षों में हजारों की संख्या में सकोरे एवम गौमाता कुंड लगा चुके है यह आगे भी इस कड़ी में सदैव जारी रहेगा इस अभियान को प्रदेश के विभिन्न संगठनों के साथ स्कूल कॉलेज के लोगो ने भी अपनाया और इसी के प्रयासः स्वरूप पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के 22 जिलों के साथ 4 प्रदेशो में एक साथ एक अभियान करके इस अभियान की शुरुवात की गयी थी जिसमे राजस्थान, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के लोगों का भी साथ मिला।

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

(VISHAL) Mobile No. 7000536728
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works
Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
( All Second Hand Mobile Available)
SAMSUNG mi vivo oppo realme ONEPLUS

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel,
Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI[th] XII[th] B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### स्मार्ट सिटी के अफसरों पर सांसद ने लगाया आरोप, कहा मची है विकास के नाम पर लूट

**रायपुर (ए)।** रायपुर सांसद सुनील सोनी ने रायपुर स्मार्ट सिटी के नाम पर लूट मचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे भ्रष्टाचार से ऊपर बताते हुए कहा कि मैने सांसद बनने के बाद स्मार्ट सिटी में ज्यादा पैसा मिले, इसके लिए प्रयास किया। लेकिन विकास के नाम पर अधिकारी लूट कर रहे है।आने वाले समय में इसकी सौ फीसदी जांच होगी। मैने अधिकारियों से कह रखा है कि जेल जाने की तैयारी कर लें, इसके लिए मैं जहां तक बन सकेगा, शिकायत लेकर जाउंगा। संसदीय समिति तक इसकी शिकायत की जाएगी।

सांसद सुनील सोनी ने सवाल किया है कि रायपुर स्मार्ट सिटी के करोड़ों रुपए रायपुर कहां है। मैं भी सांसद बनने के बाद रायपुर को अधिक पैसे मिले इस बात के लिए लगातार प्रयास करता रहा हूं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मैं बहुत दुखी हूं कि इस पैसे की लूट हो रही है। भ्रष्टाचार शब्द से ऊपर है लूट। आज जिस प्रकार से इस पैसे का लूटमार मचा रहे हैं,वह बेहद आपत्तिजनक है। सांसद ने कहा कि स्मार्ट सिटी का अर्थ यह है कि आदमी स्मार्ट सिटी पर रोड बना रहा है तो वाटर सिस्टम, सीवरेज सिस्टम, लाइव सिस्टम अंडर ग्राउंड होना चाहिए, वहीं 25-30 साल तक के सड़क चले. लेकिन केवल औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं, और सुविधाएं ले रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ रहा वन का रकबा, मेरिन फासिल्स और स्नैक पार्क बढ़ाएंगे शोभा

**रायपुर।** पेड़-पौधों को धरा का श्रृंगार माना जाता है। इनकी खूबसूरती बने रहने से ही जीवन भी सुखमय रहेगा। छत्तीसगढ़ में यह सुखद संकेत है कि यहां वनों का रकबा बढ़ रहा है और वनों के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़े, इसलिए यहां जल्द ही एशिया का सबसे बड़ा मेरिन फासिल्स पार्क मनेंद्रगढ़ में मिलने वाला है। रायपुर में मानव निर्मित एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी में इसी साल स्नैक पार्क शोभा बढ़ाएगा। गिधवा-परसदा पक्षी जागरूकता एवं प्रशिक्षण केन्द्र खुलने से पक्षियों के प्रति लोगों का रुझान भी बढ़ेगा।

भारतीय वन सर्वेक्षण की स्टेट ऑफ फारेस्ट रिपोर्ट 2021 के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य ने 106 वर्ग किलोमीटर की वन आवरण वृद्धि दर्ज की है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 में 55,610 वर्ग किलोमीटर की तुलना में, राज्य का वन आवरण 55,716 वर्ग किलोमीटर दर्ज किया गया है। 106 वर्ग किमी की इस धवन आवरण वृद्धि का कारण 81 वर्ग किमी मध्यम घने वन और 25 वर्ग किमी खुले वन का इजाफा हुआ है। पेड़ों के महत्व के विषय में जन-जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, विश्व वानिकी दिवस, मनाया जाता है।

### रविवि में परीक्षाएं 16 अप्रैल से, भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 24 मार्च से

**रायपुर (ए)।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में 16 अप्रैल से परीक्षाएं शुरू होगी। विश्वविद्यालय की वेब साइट पर समय सारिणी अपलोड की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. केएल वर्मा ने कहा कि कालेजों की तरफसे कोर्स पूरा होने की जानकारी मिलने के बाद परीक्षा का शेड्यूल तैयार हुआ है। इधर, भूगोल की प्रायोगिक परीक्षाओं में बीए प्रथम वर्ष की 24, द्वितीय वर्ष की 21 व तृतीय वर्ष की 22 मार्च से शुरू होगी। प्रायोगिक परीक्षा सुबह 8:30 बजे शुरू होगी। कोरोना संक्रमण कम होने के बाद इस बार विश्वविद्यालय ऑफलाइन माध्यम से परीक्षा लेने जा रहा है।

# कृषि के प्रति युवाओं में बढ़ रही रूचिः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री बघेल ने सेमरिया में छात्रावास भवन का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विगत तीन वर्षों में राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की है। जिसके फलस्वरूप युवाओं की कृषि के प्रति रुचि बढ़ी है। शहर के युवा गांव की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बातें आज रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के ग्राम सेमरिया में छत्तीसगढ़ कबीर पंथी साहू समाज के छात्रावास भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में कही।



श्री बघेल ने संत कबीर दास की पूजा-आरती कर नवनिर्मित छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2019-20 मे इस छात्रावास भवन के लिए 40 लाख रुपए की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप सर्वसुविधायुक्त छात्रावास तैयार किया गया है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू, विधायक अनीता शर्मा, राज्य तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि संत कबीर ने प्रेम के माध्यम से समाज को परस्पर जोड़ने का महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उनके विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग कर रही है। इस छात्रावास भवन के बन जाने से दूर-दराज के विद्यार्थियों को यहां रहकर अध्ययन करने में काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोनाकाल में भी राज्य के किसानों को किसी भी प्रकार की आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को समय पर राशि उपलब्ध करायी गई। साथ ही मनरेगा के माध्यम से भी गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि पिछले 3 साल में छत्तीसगढ़ राज्य पूरे देश में किसान हितैषी सरकार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है। राज्य के किसानों और श्रमिकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन और विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों और श्रमिकों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। कार्यक्रम को तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, ग्राम पंचायत सरपंच मनीष सारंग, समाज के पदाधिकारी हनुमंत साहू, कन्हैया लाल साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग में अनियमितताण

# 362 नर्सिंग अधिकारियों की पदस्थापना में वरिष्ठता दरकिनार

**रायपुर।** चिकित्सा शिक्षा विभाग में 362 नर्सिंग अधिकारियों के पदोन्नाति व पदस्थापना में मेरिट और वरिष्ठता सूची को दरकिनार करने का मामला सामने आया है। किसी मेडिकल कालेज अस्पताल में अतिरिक्त पद तो कही पदोन्नाति ही नहीं दी गई है।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 10 फरवरी को 362 स्टाफ नर्स को नर्सिंग सिस्टर के पद पर पदोन्नत किया गया था। इन नर्सिंग अधिकारियों के पदस्थापना में नियमतः वरिष्ठता का पालन किया जाना था, जिसे दरकिनार करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग में मनमुताबिक पदस्थापना कर दी गई है।


दुर्ग के चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कालेज व अस्पताल में जहां 30 पद दिए जाने थे, वहां 36 नर्सिंग सिस्टरों को भेज दिया गया है। जबकि, अस्पताल का संचालन ही नहीं हो रहा है। इसी तरह बिलासपुर, राजनांदगांव, महासमुंद, दुर्ग व कांकेर मेडिकल कालेजों में तय पदों से अधिक नर्सिंग स्टाफ की पदोन्नाति के बाद पदस्थापना दिया गया है। पदस्थापना में अनियमितता को लेकर नर्सिंग सिस्टरों में काफी आक्रोश है।

### कैंसर विभाग के नर्सिंग स्टाफ बदले, कीमोथेरेपी की समस्या

कैंसर रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. विवेक चौधरी ने बताया कि कैंसर रोगियों को कीमोथेरेपी देने वाले प्रशिक्षित 11 नर्सिंग अधिकारी 15 वर्ष से अधिक समय से सेवाएं दे रहे थे। पदोन्नाति के बाद सभी को दूसरी जगह भेजा गया है। इससे कैंसर रोगियों का कीमोथेरेपी इलाज प्रभावित हो रहा है। नए पदस्थ नर्सिंग कर्मियों को प्रशिक्षण देने में समय लगेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग डा. विष्णुदत्त, संचालक ने कहा, पदोन्नाति व पदस्थापना वरिष्ठता व मेरिट को ध्यान में रखकर किया गया है। किसी तरह की अनियमितता नहीं हुई है। जहां अधिक पद दिए गए हैं, वह उच्च पदों के विरुद्ध हैं। यदि किसी को ऐसा लगा है की अनियमितता हुई है तो वह डीएमई में लिखित शिकायत करें। हम संज्ञान लेंगे। चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल के अधीक्षक डा. निर्मल वर्मा ने कहा, चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल व मेडिकल कालेज में नर्सिंग अधिकारी के कुल 30 पद स्वीकृत हैं। यहां पर 36 की पदस्थापना हुई है।

# बदली हवा की दिशा, फिलहाल ऐसे ही पड़ती रहेगी गर्मी

**रायपुर (ए)।** राजधानी समेत प्रदेश भर में गर्मी ने अपना अहसास कराना शुरू कर दिया है। दो दिन तक जिस गति से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही थी उससे लगा कि तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो जाएगा लेकिन अब मौसम की दिशा दक्षिणी हो जाने से राहत की खबर है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी दो दिन तक अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी नहीं होगी। अभी जिस तरह अधिकतम तापमान रिकार्ड किया जा रहा है, वह स्थिर रहेगा।



रविवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राजनांदगांव में सबसे अधिक 40.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान बलरामपुर में 16.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बता दें कि पिछले कई दिनों से लगातार गर्म हवा के कारण लोगों को गर्मी सता रही थी।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि अभी तापमान में अधिक परिवर्तन नहीं होगा। दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान कम रहेगा। वहीं अभी हवा की दिशा दक्षिण हो गई है। नमीयुक्त हवा होने के कारण न्यूनतम तापमान तो बढ़ता है पर अधिकतम तापमान जस का तस ही रहता है।

सोमवार को रायपुर के अधिकतम तापमान में खास परिवर्तन नहीं होगा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार रायपुर में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहेगा। रविवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। वहीं प्रदेश के बस्तर संभाग में उल्लेखनीय और अन्य संभागों में कोई खास परिवर्तन नहीं हुए हैं।

# ग्लूकोमाः एम्स में प्रत्येक मंगलवार को विशेष क्लीनिक

**रायपुर (ए)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अब प्रत्येक मंगलवार को ग्लूकोमा के रोगियों के लिए विशेष क्लीनिक आयोजित किया जाएगा। इसमें अत्याधुनिक मशीनों से रोगियों की जांच कर उन्हें त्वरित इलाज उपलब्ध होगा। इसके साथ ही प्रदेश में बढ़ते ग्लूकोमा रोगियों की संख्या को कम करने के लिए शोध और अनुसंधान हेतु डेटा भी एकत्रित हो सकेगा। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि एम्स में निरंतर ग्लूकोमा के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। नेत्र रोगियों में से लगभग पांच प्रतिशत रोगियों को ग्लूकोमा की शिकायत होती है। इन रोगियों को एक साथ उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से एम्स ने अब प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 2.30 से पांच बजे तक ग्लूकोमा का विशेष क्लीनिक आयोजित करने का निर्णय लिया है। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सोमेन मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में ग्लूकोमा के लगभग 200 रोगी प्रतिमाह नेत्र रोग विभाग में पहुंच रहे हैं।

# 24 मार्च को रायपुर पहुंचेगी श्री राम काव्य यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश की सबसे बड़ी साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा प्रभु श्री राम के लिए श्री राम काव्य यात्रा श्रीलंका से लेकर के पावन अवध धाम तक जा रही है। प्रभु श्री राम जी जिस मार्ग से श्रीलंका पहुंचे थे, उसी मार्ग से प्रमुख स्थानों पर कवि सम्मेलन की योजना पर यात्रा आरंभ हो चुकी है।

इधर यात्रा 24 मार्च को राजधानी पहुचेंगे। राष्ट्रीय कवि संगम छत्तीसगढ़ प्रांत अपनी पूरी तैयारी में है। राष्ट्रीय कवि संगम छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांताध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में यह काव्ययात्रा व प्रभु श्री राम का रथ 19 मार्च को राजनांदगांव पहुंच गई है। यहां जगह-जगह स्वागत किया गया है।

इस काव्य यात्रा में कुल 9 स्थानों पर कवि सम्मेलन व विश्राम स्थल तय किया गया है। जो क्रमशः 19 मार्च को राजनांदगांव में बाबा सत्यनारायण मौर्य, शंभू मनहर, प्रवीण आजाद, किशोर पारीख, कमल आग्नेय, किशोर तिवारी, हरीश पटेल, ईश्वर लाल साहू, 20 मार्च को धमतरी में बाबा सत्यनारायण मौर्य, शंभू मनहर, प्रवीण आजाद, किशोर पारीख, कमल आग्नेय, भरत गंगादित्य, भावेश देशमुख, मनीराम साहू 21 मार्च को जगदलपुर में बाबा सत्यनारायण मौर्य, शंभू मनहर, प्रवीण आजाद, किशोर पारीख, कमल आग्नेय,रिजेंद्र गंजीर, अशोक यादव, 23 मार्च को गरियाबंद में बाबा सत्यनारायण मौर्य, शंभू मनहर, प्रवीण आजाद, किशोर पारीक, कमल आग्नेय, संजय शर्मा कबीर, जयेन्द्र कौशिक, भव्य सूर्या, 24 मार्च को रायपुर में बाबा सत्यनारायण मौर्य, हरिओम पवार, डॉ अशोक बत्रा, शंभू मनहर, गौरव चौहान, मीर अली मीर, रमेश विश्वहार, कमल शर्मा, 25 मार्च को शिवरीनारायण में बाबा सत्यनारायण मौर्य, डॉ. अशोक बत्रा, सुदीप भोला, शंभू मनहर, गौरव चौहान, कमल शर्मा, देवेंद्र परिहार, साखीगोपाल पंडा, 26 मार्च को रायगढ़ में बाबा सत्यनारायण मौर्य, डॉ अशोक बत्रा, शंभू मनहर, सुदीप भोला, गौरव चौहान, देवेंद्र परिहार, सुरेश पैगवार, दिनेश रोहित चतुर्वेदी, 27 मार्च को जशपुर में डॉ अशोक बत्रा , शंभू मनहर, सुदीप भोला, गौरव चौहान ,देवेंद्र परिहार, तेजराम नायक, प्रदीप कुमार दास और 29 मार्च को अंबिकापुर में डॉ अशोक बत्रा, योगेंद्र शर्मा, शंभू मनहर, गौरव चौहान, गायत्री शर्मा, उमाकांत टैगोर, गीता विश्वकर्मा की उपस्थिति में काव्यपाठ के साथ छत्तीसगढ़ की यात्रा संपन्न हो जाएगी। यह काव्य यात्रा दूसरे प्रांत में प्रवेश हो जाएगी। मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख शहर कस्बा व गांव में प्रभु श्री राम के रथ की स्वागत के लिए लोगों में उत्सुकता देखने को मिल रहा है।

राष्ट्रीय कवि संगम छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल एवं राष्ट्रीय संरक्षक चतुर्भुज अग्रवाल यात्रा के साथ ही चल रहे हैं। प्रदेश में उनके मार्गदर्शन में संगठन बढ़-चढ़कर भूमिका निभा रहा है। इस गरिमामयी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी जिला के जिलाध्यक्ष, संयोजक व कार्यक्रम प्रभारी अपनी टीम के साथ समर्पण भाव से कार्य को पूर्णता की ओर ले जा रहे हैं। श्रीराम वनगमन राष्ट्रीय काव्ययात्रा की प्रांत संयोजिका मल्लिका रूद्रा तन्मयता के साथ निरंतर लगी हुई है। वे प्रतिदिन, केन्द्र एवं प्रांत से जिला स्तर की तैयारी की जानकारी, कवियों का संयोजन, कविसम्मेलन एवं पूरी यात्रा की व्यवस्था की समीक्षा करके योजना तैयार कर रही हैं। उनके दिशा निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रांत की काव्ययात्रा गतिशील है। उनके साथ सहयोग के लिए सहसंयोजक के रूप में कमल किशोर शर्मा व देवेंद्र परिहार लगे हुए हैं। इस कार्य में उर्मिला देवी का सहयोग भी है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243




























# द कश्मीर फाइल्सः हर हिंदुस्तानी को देखनी चाहिए ये फिल्मः आमिर खान





विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' इस समय सफलता के झंडे गाड़ रही है। जो भी इस फिल्म को देख रहा है, वह विवेक अग्निहोत्री और फिल्म की तारीफ करते नहीं थक रहा है। बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म धमाल मचा रही है और ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। कई सेलिब्रिटीज इस फिल्म को देखने के बाद प्रतिक्रिया दे रहे हैं और सभी से इसे देखने के लिए भी कह रहे हैं। फिल्म की सफलता का आलम यह है कि अब तक इसे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गोवा, हरियाणा, कर्नाटक, बिहार आदि कई राज्यों में टैक्स फ्री कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस फिल्म की खूब तारीफ की है। हाल ही में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट का फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि ये फिल्म हर हिंदुस्तानी को देखनी चाहिए।

दरअसल, आमिर खान दिल्ली में फिल्म 'आरआरआर' के एक इवेंट के दौरान मौजूद थे। यहां आमिर खान से फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को लेकर सवाल किया गया। तब आमिर ने कहा- कश्मीर में जो कश्मीरी पंडितों के साथ हुआ वह यकीनन बहुत दुख की बात है। उन्होंने कहा- ऐसे टॉपिक पर जो फिल्म बनी है, उसे हर हिंदुस्तानी को जरूर देखना चाहिए। आमिर खान ने कहा- हर हिंदुस्तानी को ये याद करना चाहिए कि जब किसी इंसान पर अत्याचार होता है तो उसपर क्या बीतती है।

आमिर खान ने आगे कहा कि- मैं ये फिल्म जरूर देखूंगा और मुझे खुशी है कि फिल्म इतनी सफल हुई है। उन्होंने ये भी कहा कि वह इस बात से भी बहुत खुश हैं कि लोग 'द कश्मीर फाइल्स' को इतना सपोर्ट कर रहे हैं। दरअसल 'द कश्मीर फाइल्स' ने बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा रखा है। पहले ही दिन 3.35 करोड़ की कमाई करने वाली इस फिल्म ने अब तक 168 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

'द कश्मीर फाइल्स' की जबरदस्त सफलता को देखते हुए इसके निर्माताओं ने फिल्म को कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम में जब रिलीज करने का फैसला लिया है। इस वीकेंड पर रिलीज हुई अक्षय कुमार की फिल्म 'बच्चन पांडे' भी इस फिल्म की सफलता पर कोई असर नहीं डाल पाई है। 'द कश्मीर फाइल्स' में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, चिन्मय मंडलेकर, पल्लवी जोशी आदि कलाकारों ने शानदार अभिनय किया है।

## खास खबर



## जबरदस्त वर्कआउट करती नजर आईं सारा अली खान, कैप्शन से किया फैंस को मोटिवेट

एक्ट्रेस सारा अली खान अपने काम के साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें व वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। सारा अली खान अपनी फिटनेस को लेकर काफी ध्यान देती हैं और जल्दी अपना अपने वर्कआउट मिस नहीं करती हैं। कई बार वह वर्कआउट की वीडियो भी इंस्टाग्राम से शेयर करती हैं। अब सारा अली खान ने एक बार फिर से लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह जबरदस्त वर्कआउट करती दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने मोटिवेशनल कैप्शन भी लिखा है। फैंस भी उनकी पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### सारा ने किया फैंस को मोटीवेट

वीडियो में देखा जा सकता है कि सारा अली खान पूरी मेहनत और एक्साइटमेंट के साथ वर्कआउट करती दिखाई दे रही हैं। इससे ही पता चलता है कि वह अपनी फिटनेस को लेकर कितनी सजग हैं। एक्ट्रेस पूरी तरह से वर्कआउट मोड में दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए सारा ने कैप्शन में लिखा, 'यह ड्राइव के बारे में है, यह शक्ति के बारे में है, हम भूखे रहते हैं, हम खाते हैं,काम में लगाओ, घंटों लगाओ और जो हमारा है ले लो'।

सारा अली खान की ये वीडियो देखने के बाद एक प्रशंसक ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, सो एनरजेटिक, तो वहीं दूसरे प्रशंसक ने पूछा- आपको प्रेरणा कहां से मिलती है? इसी तरह से अन्य यूजर्स भी एक्ट्रेस की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। फैंस के अलावा सारा अली खान की इस वीडियो पर सेलेब्स भी कमेंट करते दिखाई दिए।


अगर बात करें वर्क फ्रंट की तो सारा अली खान हाल ही में फिल्म अतरंगी रे में रिंकू का किरदार निभाती दिखाई दी थीं। इस फिल्म में उनके अपोजिट एक्टर धनुष और अक्षय कुमार नजर आए थे। इसके अलावा सारा जल्द ही विक्की कौशल के साथ फिल्म लुका छिपी 2 में नजर आने वाली हैं।

# तेजस्वी संग शादी पर करण कुंद्रा ने दी प्रतिक्रिया, कहा- मैं तो बिग बॉस के घर से ही तैयार हूं

मनोरंजन जगत में कई ऐसी मशहूर जोड़ियां मौजूद हैं जो आए दिन सोशल मीडिया पर एक- दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आते हैं। मनोरंजन जगत की ऐसी ही मशहूर जोड़ियां में से एक है करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की जोड़ी। बिग बॉस 15 से साथ नजर आ रहे करण और तेजस्वी आए दिन सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने रहते हैं। टेलीविजन के मशहूर रियलिटी शो से शुरू हुई इन दोनों की लव स्टोरी को दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था। यही वजह है कि शो के बाहर आने के बाद भी फैंस लगातार इनकी जोड़ी पर प्यार लुटाते नजर आते हैं। ऐसे में अब करण और तेजस्वी के कई प्रशंसक दोनों के इस रिश्ते को शादी के बंधन में बंधते देखना चाहते हैं। यही वजह है कि आए दिन दोनों की शादी की खबरें भी सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियों में रहती हैं। इसी क्रम में अब हाल ही में करण कुंद्रा ने अपनी शादी की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान करण ने तेजस्वी संग अपने रिश्ते और शादी को लेकर खुलकर बातचीत की। हाल ही में एक चैट शो का हिस्सा बने करण ने शादी के सवाल पर बात करते हुए कहा कि मैंने मान लिया है कि मेरी शादी तेजस्वी से हो रही है। यह ऐसी पहली शादी है, जो इंडिया ने तय कर ली है कि यह तो होनी ही है। हमसे तो कोई भी इस बारे में पूछ ही नहीं रहा है। इसके साथ ही बिग बॉस में करण के साथ नजर आई सिंगर अकाशा भी चैट शो में उनकी टांग खींचती नजर आईं। तेजस्वी संग अपने रिश्ते पर बात करते हुए करण ने कहा कि अभी हम एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। वहीं जब अभिनेता से तेजस्वी संग शादी करने के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं उससे शादी करना चाहता हूं। साथ ही उन्होंने इस साल शादी के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं तो बिग बॉस के घर से ही तैयार हूं।

लॉकअप से बाहर हुईं बबीता फोगाट

# कम वोट्स की वजह से कंगना के शो से हुईं एलिमिनेट



रेसलर बबीता फोगाट रियलिटी शो 'लॉकअप' से बाहर हो गई हैं। करणवीर और बबीता दोनों इस हफ्ते 'बॉटम टू' में थे लेकिन घरवालों ने दोनों के बीच करणवीर को चुना और इस तरह बबीता कंगना रणौत के शो से बाहर हो गईं। कंगना ने उन्हें कहा कि शो के अंदर उनकी इन्वॉल्मेंट पिछले कुछ दिनों में कम हो गई है और इस वजह से वह अपने दर्शकों को एंटरटेन नहीं कर पाईं। इमोशनल हुईं बबीता फोगाट कंगना ने घरवालों की वोटिंग से हिसाब से जब बबीता का नाम लिया तो वह शो से जाते-जाते इमोशनल हो गईं। कंगना ने उनसे कहा कि फिजिकली वह दर्शकों से जुड़ने में कामयाब रहीं लेकिन इमोशनल और मेन्टल लेवल पर वो दर्शकों से जुड़ नहीं पाईं। कंगना ने यह भी कहा कि हो सकता है वे इस माहौल में खुद को ढाल नहीं पा रही हैं। बबीता फोगाट के एलिमिनेट होने पर बाकी कंटेस्टेंट्स काफी दुखी नजर आए। बबीता फोगाट से पहले शो के चॉकलेटी कंटेस्टेंट सिद्धार्थ शर्मा भी कंगना की जेल से बाहर हो गए थे। शो में अंजलि को सबसे ज्यादा वोट मिले थे और इसलिए उनके पास स्पेशल पावर थी, जिससे वह किसी एक कंटेस्टेंट को सेव कर सकती थीं। अंजलि ने पूनम पांडे को सेव किया। वहीं रविवार को प्रसारित हुए एपिसोड में कंगना रणौत और पायल रोहतगी में जमकर बहस भी हुई।

### चेतन हंसराज की शो में हुई एंट्री

एक ओर जहां लॉकअप से बबीता फोगाट बाहर हो गईं, तो वहीं टीवी एक्टर चेतन हंसराज की शो में एंट्री हुई। चेतन जेल के अन्य कैदियों के साथ गेम खेलते नजर आएंगे। चेतन को पर्दे पर उनके मजबूत खलनायकों के किरदारों के लिए जाना जाता है। ऐसे में शो के सबसे विवादास्पद हस्तियों के साथ उनका जेल में होना निश्चित रूप से इस शो को एक और स्तर पर ले जाएगा।

# स्कूल सिलेबस में शामिल होगी पुनीत की जीवनी कर्नाटक सरकार जल्द ले सकती है फैसला

साउथ अभिनेता पुनीत राजकुमार बीते साल ही दुनिया को अलविदा कह चुके हैं। अभिनेता के अचानक हुए निधन से उनके परिवार, फैंस, दोस्त और फिल्म इंडस्ट्री को गहरा सदमा लगा था। ऐसे में अब अभिनेता की लोकप्रियता को देखते हुए कर्नाटक सरकार उनके सम्मान में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। राज्य सरकार पुनीत राजकुमार के जीवन से जुड़ी कहानी को स्कूल सिलेबस में शामिल करने का विचार कर रही है।




अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व और अभिनय के लिए लोगों के बीच लोकप्रिय अभिनेता की छवि सिर्फ इंडस्ट्री ही नहीं बल्कि समाज में भी बेहद साफ थी। ऐसे में अचानक दुनिया को अलविदा कह चुके अभिनेता के सम्मान में अब राज्य सरकार एक अहम फैसला कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर की जीवनी को कन्नड़ सिलेबस में बच्चों को पढ़ाया जाएगा।

हालांकि इस बारे में अभी तक कोई भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं है। लेकिन अगर इस बारे में कोई सूचना सामने आती है तो निश्चित तौर पर यह उनके फैंस के लिए बेहद खास उपहार साबित होगा। रिपोर्ट की माने तो बेंगलुरु दक्षिण जिला भाजपा अध्यक्ष एन. आर. रमेश ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर पुनीत के जीवन इतिहास को स्कूल के सिलेबस में जाने की मांग की थी।

अभिनय की दुनिया में अपना नाम कमाने वाले पुनीत राजकुमार एक्टर होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। फिल्मों में अभिनय करने के साथ ही वह 26 अनाथालय, 19 गोशालाएं, 16 वृद्धाश्रम को चला रहे रहे थे। इसके अलावा में वह आर्थिक रूप से कमजोर 4800 बच्चों की पढ़ाई और रहने की जिम्मेदारी भी उठा रहे थे। खास बात यह थी कि जीवित रहने के दौरान उन्होंने कभी भी इन कार्यों के बारे में खुद से कोई भी जानकारी नहीं दी थी।

लेकिन बीते साल अचानक हुई उनकी मौत के बाद जब इन सभी कार्यों के बारे में लोगों को पता चला तो हर कोई हैरान था। साथ ही सभी अभिनेता की दरियादिली और नेकदिली तारीफ करते नजर आ रहे थे। गौरतलब है कि बीते साल 29 अक्टूबर को दिल का दौरा पड़ने से पुनीत का निधन हो गया था। उनके परिवार में उनकी पत्नी अश्विनी पुनीत कुमार और दो बेटियां हैं। बीते दिनों 17 मार्च को ही उनकी आखिरी फिल्म जेम्स रिलीज की गई, जिसे बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग मिली थी।

# 5 मिलियन फॉलोअर्स होने की खुशी से उछल पड़ीं मोनालिसा, एक्ट्रेस ने किया जमकर डांस



एक्ट्रेस मोनालिसा भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं और सोशल मीडिया पर भी वह काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी सिजलिंग तस्वीरों और वीडियो को फैंस काफी पसंद करते हैं। अब मोनालिसा की फैन फॉलोइंग में और भी इजाफा हो गया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर 5 मिलियन फॉलोअर्स पूरे कर लिए हैं। इस खुशी में मोनालिस जमकर जश्न मान रही हैं। उन्होंने अपनी खुशी को फैंस के साथ भी साझा किया है और इस खुशी को सेलिब्रेट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह खुशी से उछलती दिखाई दे रही हैं।

### खुशी से उछलती दिखाई दीं मोनालिसा

भोजपुरी क्वीन मोनालिसा के इंस्टाग्राम पर 5 मिलियन फॉलोअर्स पूरे होने की खुशी में झूमती दिखाई दे रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस ने अपने घर को काफी अच्छे से डेकोरेट किया हुआ है और वह केक काटती दिखाई दे रही हैं। उनके चेहरे की बड़ी सी मुस्कान देखकर ही पता चल रहा है कि वह कितनी खुश हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस जमकर डांस भी करती दिखाई दीं।वीडियो शेयर कर फैंस के लिए लिखा खास कैप्शन- एक्ट्रेस मोनालिसा ने वीडियो शेयर करते हुए खास कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने इंस्टाफॉलोअर्स को अपना परिवार बताया है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, हमने 5 मिलियन हिट्स किए...धीरे-धीरे लेकिन लगातार हमारा परिवार बढ़ता है! फैंस भी उनकी इस वीडियो पर जमकर कमेंट करते दिखाई दे रहे हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं, उनकी पोस्ट पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं।

### फैंस ने लुटाया जमकर प्यार

मोनालिसा के एक प्रशंसक ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, बहुत बधाई मेरी फेवरेट मोनालिसा। इसी तरह से एक दूसरे फॉलोअर्स ने लिखा, बधाई हो मोनापाई...इसके अलावा अन्य फॉलोअर्स भी और कई सेलेब्स भी मोनालिसा को कॉंग्रेचुलेट कर रहे हैं। इसी के साथ फैंस दिल वाली इमोजी की बरसात करते दिखाई दे रहे हैं।

# 'केजीएफ 2' के गाने 'तूफान' में रॉकिंग स्टार यश का दिखा इंटेंस लुक

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के रॉकिंग स्टार यश को लेकर दर्शकों में कितना क्रेज है, ये तो आए दिन सोशल मीडिया पर यश और उनकी आगामी फिल्म 'केजीएफ 2' के ट्रेंड होने से ही पता चलता है. दर्शकों में फिल्म को लेकर बेसब्री बनाए रखने के लिए आज यानी सोमवार को फिल्म से इसका पहला गाना 'तूफान' रिलीज किया गया है, जो लिरिकल है. 'केजीएफ 2' फिल्म के बैकग्राउंड की तरह यह गाना भी थोड़ा इंटेंस दिखाई देता है. इस गाने के लिरिक्स शब्बीर अहमद ने लिखे हैं और इसका म्यूजिक रवि बसरुर ने दिया है. इस गाने के जरिए दर्शकों को यश के किरदार रॉकी भाई की पहली झलक भी देखने को मिली है. गाने की बीट्स बहुत ही एनर्जेटिक हैं और इसका रिदम काफी जानदार है. यह गाना फिल्म में यश के किरदार को पूरी तरह से जस्टिफाई करता है. इस फिल्म में यश एक योद्धा की भूमिका में हैं, जो गरीबों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं है. यश की आगामी फिल्म का ये गाना केवल हिंदी ही नहीं, बल्कि कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया गया है. यश के इस गाने पर उनके फैंस की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है. यश के फैंस अपने चहेते स्टार की इस फिल्म को सिनेमाघरों पर देखने के लिए काफी उत्सुक हैं. केजीएफ चैप्टर 1 के रिलीज होने के बाद यश की फैन फॉलोइंग में काफी इजाफा हुआ था. फिल्म का क्लाइमेक्स इतना शानदार था कि हर कोई ये जानना चाहता है कि फिल्म में आगे क्या होने वाला है.


















## खास खबर

### कुपोषण दूर करने चलाया जा रहा है विशेष अभियान

**दल्लीराजहरा।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेडिया के मार्गदर्शन में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया और बच्चों में कुपोषण दूर करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पोषण माह के तहत नगर के वार्ड क्रमांक-14 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का रस्म पूरा किया गया एवं पोषण आहार का वितरण किया गया। पीआईसी सदस्य व वार्ड के पार्षद चंद्रप्रकाश सिन्हा ने कहा कि सुपोषण के बारे में जागरूकता लाने और बच्चों,महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुपोषण चौपाल का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। चौपाल में पौष्टिक आहार से संबंधित जानकारियां गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को दी जा रही हैं जिससे जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। इस अवसर पर पीआईसी सदस्य व पार्षद रुखसाना बेगम ,विजय लक्ष्मी,श्रुति यादव , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका राजकुमारी नेताम , रामेश्वरी पटेल ,गंगा साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

(रायपुर) भिन्न न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्टों से साबित भाजपा के पन्द्रह सालों में छत्तीसगढ़ में निर्दोषों का नरसंहार हुआ - कांग्रेस

### रमन सिंह प्रदेश की जनता से माफी मांगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि विभिन्न मामलों में बनी न्यायायिक जांच आयोग की रिपोर्टों से स्पष्ट हो रहा कि रमन सरकार के दौरान पन्द्रह सालों में छत्तीसगढ़ में निर्दोषों का अनेको बार क्रूर नरसंहार किया गया। विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने तत्कालीन रमन सरकार पर जो-जो आरोप लगाए थे एक-एक करके वे सभी प्रमाणित होते जा रहे हैं। तथ्यों से प्रमाणित है कि वादाखिलाफी और प्रशासनिक आतंकवाद रमन सरकार का मूल चरित्र था। मदनवाड़ा, सारकेगुड़ा, एडसमेटा, पेद्दागेलुर जैसे फर्जी मुठभेड़, ताड़मेटला में सैकड़ों आदिवासियों के घर जलाने की घटना, सोनकु और बिजलु जैसे मिडिल स्कूल के बच्चों को मारकर नक्सली बता देना, मीना खलखो और मडकम हिडमे जैसी जघन्य बलात्कार और हत्या के मामले पर विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने पूरी ताकत से उठाया, और अब जब एक-एक करके जांच कमेटियों और न्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट सामने आ रही है तो वे सारे आरोप जो तत्कालीन रमन सरकार पर कांग्रेस ने लगाए थे, लगातार प्रमाणित हो रहे हैं। कि रमन सरकार के दौरान बस्तर के 644 गांव के लगभग 3 लाख से अधिक आदिवासियों को अपना घर और अपना गांव छोड़कर पलायन करने मजबूर किया गया।

# चीनी उत्पादन में कमी लाएं और एथेनॉल में रूपांतरण बढ़ाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंबई ( पीआईबी )।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चीनी मिलों को बदलते समय की वास्तविकताओं और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप चीनी को इथेनॉल में बदलने की अपील की है। गडकरी ने चीनी और संबद्ध उद्योगों के नेताओं को चेतावनी जारी की कि यदि चीनी का उत्पादन अभी की ही तरह आगे बढ़ता रहा, तो यह आने वाले समय में उद्योग के लिए हानिकारक होगा। यह स्मरण कराते हुए कि एक देश के रूप में, हम चावल-अधिशेष, मक्का-अधिशेष और चीनी-अधिशेष हैं, गडकरी ने कहा कि हमारे भविष्य के लिए चीनी का उत्पादन कम करना और इथेनॉल का उत्पादन बढ़ाना बेहतर है।

गडकरी आज 20 मार्च 2022 को मुंबई में चीनी और इथेनॉल भारत सम्मेलन (एसईआईसी)



2022 को संबोधित कर रहे थे। चीनी और संबद्ध उद्योगों के लिए समाचार और सूचना पोर्टल चीनीमंडी द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में घरेलू और वैश्विक चीनी व्यापार में शीर्ष चुनौतियों और जोखिम प्रतिक्रिया रणनीतियों तथा भारत में एक अधिक नवोन्मेषी और स्थिर चीनी और इथेनॉल क्षेत्र का निर्माण करने की भविष्य की योजना पर चर्चा करने के लिएघरेलू और वैश्विक उद्योग के विख्यात विशेषज्ञों को एक साथ लाने की इच्छा जताई गई थी।

### इथेनॉल के उत्कृष्ट अर्थशास्त्र

गडकरी ने बताया कि किस प्रकार एथेनॉल का अर्थशास्त्र डीजल या पेट्रोल द्वारा संचालित वाहनों से उत्कृष्ट है। उन्होंने कहा, हमने फ्लेक्स इंजन पर परामर्शी जारी की है; टोयोटा, हुंडई और सुजुकी ने मुझे आश्वासन दिया है कि वे छह महीने के भीतर फ्लेक्स इंजन लाएंगे। हाल ही में, हमने ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली पायलट कार लॉन्च की है। टोयोटा अध्यक्ष ने मुझे बताया कि उनकी कार फ्लेक्स है- या तो 100 प्रतिशत पेट्रोल या 100 प्रतिशत इथेनॉल और आने वाले दिनों में टोयोटा कारों को हाइब्रिड बिजली पर चलाया जाएगा, जो 40 प्रतिशत बिजली उत्पादित करेगी तथा100 प्रतिशत इथेनॉल का उपयोग करके60 प्रतिशत दूरी तय करेगी। पेट्रोल की तुलना में यह आर्थिक तरीका अत्यधिक लाभप्रद होगा।

गडकरी ने बताया कि भारत सरकार ने नागरिकों के लिए इथेनॉल भरने के लिए जैव ईंधन आउटलेट खोलने का निर्णय लिया है और कार, स्कूटर, मोटर साइकिल और रिक्शा फ्लेक्स इंजन पर उपलब्ध हो सकते हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने पुणे में तीन इथेनॉल पंपों का उद्घाटन किया है; हालांकि अभी तक कोई एथनॉल भरने नहीं आया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बजाज, टीवीएस और हीरो ने फ्लेक्स इंजन से चलने वाली मोटर साइकिलें लॉन्च की हैं; फ्लेक्स इंजन पर स्कूटर और मोटर साइकिल उपलब्ध हैं। वे एथेनॉल से चलने वाला ऑटो रिक्शा भी लॉन्च करने के लिए तैयार हैं।

गडकरी ने इथेनॉल का उत्पादन करने वाली सभी चीनी मिलों को अपने कारखानों और अन्य क्षेत्रों में इथेनॉल पंप खोलने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा, इससे100 प्रतिशत स्कूटर, ऑटो रिक्शा और कार एथेनॉल से चल सकते हैं और इस प्रकार इथेनॉल उपभोग में वृद्धि होगी, प्रदूषण में कमी आएगी, आयात कम होगा और गांवों में लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा। गडकरी ने आश्वासन दिया कि किसी को भी इसकी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है कि क्या इथेनॉल के लिए पर्याप्त बड़ा बाजार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, इथेनॉल एक हरा और स्वच्छ ईंधन है; हम वर्तमान में465 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन कर रहे हैं। यद्यपि, जब ई-20 कार्यक्रम पूरा हो जाएगा, तो हमारी आवश्यकता लगभग 1,500 करोड़ लीटर की हो जाएगी।

# लोगों को सक्षम बनाने सामाजिक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की आवश्यकता : गडकरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंबई(पीआईबी)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने समाज के वंचित वर्गों के बीच सामाजिक आर्थिक परिवर्तन लाने में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सामाजिक उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया है। उन्होंने प्रौद्योगिकी का उत्पादक तरीके से उपयोग करते हुए सामाजिक चेतना, सामाजिक जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता के साथ सामाजिक उद्यमिता की आवश्यकता को संदर्भित किया।**




उन्होंने कहा कि लोगों को अपने पांवों पर खड़ा करने में सक्षम बनाने के लिए सामाजिक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह बात आज 20 मार्च, 2022 को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण केंद्र में आयोजित सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड्स के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए कही।

उत्कृष्टता पुरस्कार 2021 मानवीय पहलों में व्यक्तियों तथा समूहों के जिम्मेदार नेतृत्व को सम्मानित करते हुए विभिन्न श्रेणियों में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में नवोन्मेषी तथा सर्वोत्तम प्रथाओं को पुरस्कृत करता है। इन पुरस्कारों में सात पुरस्कार श्रेणियों अर्थात कृषि और ग्रामीण विकास, कोविड-19 राहत, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण, पर्यावरण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, खेल और महिला अधिकारिता तथा बाल कल्याण में सीएसआर में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी इस कार्यक्रम के मुख्य गणमान्य व्यक्ति थे।

महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों की सामाजिक जिम्मेदारी एक और महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसे अनिवार्य रूप से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जोड़ा जाना चाहिए। राज्यपाल ने सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर में शौचालय बनाने में सहायता करने में कॉर्पोरेट क्षेत्र की भूमिका की सराहना की। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जहां कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समाज के वंचित वर्गों में एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने में सहायता कर रहा है, वहीं हमें उस तरह का काम करना चाहिए जिससे एक बार हमारी सहायता प्राप्त करने वाले लोगों को भविष्य में अपने समस्त जीवन के लिए इस तरह की और मदद लेने की आवश्यकता न हो।

गडकरी ने जनसमूह को स्मरण दिलाया कि देश में 115 आकांक्षी जिले हैं, जो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं। उन्होंने कहा कि इन जिलों में लोगों की बेहतरी में योगदान देने वाले लोगों और संगठनों को सीएसआर सेक्टर द्वारा विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। गडकरी ने ज्ञान और अपशिष्ट को संपदा में बदलने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, नवोन्मेषण, उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान कौशल और सफल अभ्यास वे हैं जिन्हें हम ज्ञान कहते हैं। ज्ञान को संपदा में रुपांतरित करना ही भविष्य है। अपशिष्ट को संपदा में रुपांतरित करना उपयुक्त तकनीक और नेतृत्व के उपयुक्त विजन पर निर्भर करता है। उन्होंने स्मरण दिलाया कि लगभग 8 साल पहले जब उन्होंने नागपुर के मेयर से कहा था कि वे सीवेज का पानी बेचेंगे, तो इस बात पर सभी को संदेह था। उन्होंने बताया कि यह जिला अब राज्य की बिजली परियोजनाओं को शुद्धीकृत सीवेज पानी बेचने के जरिए 315 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की आय प्राप्त कर रहा है। कोलतार वाली सड़कों में 10 प्रतिशत रबर अपशिष्ट और अपशिष्ट प्लास्टिक डालने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अपशिष्ट प्लास्टिक प्राप्त करने और बिटुमेन सड़कों में उपयोग करने के लिए महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जा रहा है।

# खनन क्षेत्र का विकास भारतीय अर्थव्यवस्था को सही गति देता है - प्रल्हाद जोशी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नईदिल्ली। केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान खनन के तहत भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र में काफी वृद्धि हुई है और यह क्षेत्र प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से देश भर में 1.2 करोड़ लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। आज 36वें अंतर्राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक कांग्रेस के उद्घाटन सत्र को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मंत्री जोशी ने कहा कि वर्तमान सरकार में खनिज अन्वेषण की गति कई गुना बढ़ गई है।**

भारतीय अर्थव्यवस्था को सही गति प्रदान करने वाले खनन क्षेत्र में किए गए हाल के सुधारों पर प्रकाश डालते हुए जोशी ने उत्कृष्टता में नई ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करने में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा किए गए उल्लेखनीय कदमों की प्रशंसा की। 36वीं अंतर्राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक कांग्रेस के महत्व को समझाते हुए मंत्री ने कहा कि 58 साल के बाद भारत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम सतत विकास के क्षेत्र में अधिक प्रभावी उपकरण तैयार करने के लिए दुनिया भर के भू-वैज्ञानिकों को सही मंच प्रदान करेगा।

कोयला, खान और रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे, संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों में खान मंत्रालय के सचिव डॉ. आलोक टंडन, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन, जीएसआई के डीजी राजेंद्र सिंह गरखल भी उपस्थित रहे। 36वीं अंतर्राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक कांग्रेस भू-विज्ञान- सतत भविष्य के लिए बुनियादी विज्ञानविषय पर आधारित है। आईजीसी खान मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी और बांग्लादेश, नेपाल तथा श्रीलंका की विज्ञान अकादमियों का एक संयुक्त प्रयास है। भू-विज्ञान के ओलंपिक के रूप में चर्चित आईजीसी को आईजीसी के वैज्ञानिक प्रायोजक इंटरनेशनल यूनियन ऑफ जियोलॉजिकल कांग्रेस (आईयूजीएस) के तत्वावधान में हर चार साल में एक बार आयोजित किया जाता है। तीन दिवसीय इस आयोजन में दुनिया भर से 5000 - 7000 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

यह आयोजन भू-विज्ञान और पेशेवर नेटवर्किंग के क्षेत्र में ज्ञान तथा अनुभव साझा करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। यह खनन, खनिज अन्वेषण और जल प्रबंधन, खनिज संसाधन और पर्यावरण में नवीनतम प्रौद्योगिकियों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी देगा। आईजीसी के उद्घाटन दिवस पर स्मारक डाक टिकट, प्रथम दिवस कवर और जियो टूरिज्म हॉटस्पॉट पर बहुरंगी कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। भारत ने अपने क्षेत्रीय भागीदारों का नेतृत्व करते हुए वर्ष 2020 में भारत में 36वें आईजीसी की मेजबानी करने के लिए 2012 में ब्रिस्बेन में आयोजित 34वीं अंतर्राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक कांग्रेस में बोली लगाई थी। वर्तमान भू-वैज्ञानिक कांग्रेस, जो मूल रूप से 2-8 मार्च, 2020 के दौरान आयोजित होने वाली थी।

### महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सीखा अच्छी फोटोग्राफी के गुण

# त्रैमासिक फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी हेतु एक दिवसीय आउटडोर कार्यशाला संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टाण्डेकर के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एन.जागृत के मार्गदर्शन में पत्रकारिता विभाग द्वारा त्रैमासिक फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अंतर्गत् एक दिवसीय आउटडोर फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर शेखर घोष मुंबई प्रशिक्षित, सहयोगी राजेश साहू एवं सूरज यादव ने कार्यशाला का आयोजन शहर के ऊर्जा पार्क में किया गया। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को कैमरे की सेंटिग, कैमरे के प्रकार के बारे में एवं फोटोग्राफी से जुड़ी बारीकियों से अवगत कराया।

विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एन.जागृत ने कहा कि पत्रकारिता के विद्यार्थियों को कैमरा एवं विडियोंग्राफी की जानकारी होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को कैमरे की बारीकियों से अवगत कराने हेतु शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में त्रैमासिक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है जिसमें महाविद्यालय के सभी संकाय के रजिस्टर्ड विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। आउटडोर फोटोशूट में ऐंगल का बहुत महत्व रहता है इसलिए प्रायोगिक प्रशिक्षण की आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह आयोजन किया गया है। प्रशिक्षक राजेश एवं सूरज यादव ने कहा कि प्रकाश के माध्यम से वास्तविक चित्र बनाने का मुख्य साधन कैमरा है। उन्होंने कैमरा से जुड़ी बारिकियों जैसे अपर्चर, आई. एस. ओ., शटर स्पीड, एक्पोजर के बारे मे विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को कैमरा पकडने् के नियम, कैमरे के प्रकार, लेंस के बारे में जानकारी दी।


प्रशिक्षक शेखर घोष ने कहा कि कैमरे के माध्यम से सबसे पहली जरूरत होती है विषय वस्तु को देखना यह कार्य कैमरे में लगे लैंस के द्वारा ही संभव है। इस लिए लैंस कैमरे का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

कैमरे से जुड़ी अन्य जानकारियों को बताते हुए कैमरे के माध्यम से फोटो लेकर उसका प्रैक्टीकल करके दिखाया एवं विद्यार्थियों को अलग - अलग एंगल से फोटो कैसे ली जाती है। साथ ही कैमरे की मैन्युअल (हस्तचलित) एवं ऑटो कैमरा (स्वचलित) मोड़ से फोटोंग्राफी पर होने वाले प्रभाव को स्पष्ट किया। विद्यार्थियों ने कैमरे से जुड़े सवालों के बारे में प्रश्न पूछा जिनका संतोषपूर्ण उत्तर दिया गया।

# राष्ट्रीय कवि संगम की भव्य शोभायात्रा एवं कवि सम्मेलन संपन्न, संस्कारधानी नगरी राममय हुई

श्रीकंचनपथ न्यूज


**राजनादगांव।** संस्कारधानी नगरी राममय माहौल में नजर आई। राष्ट्रीय कवि संगम एवं विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में एक भव्य राम जी की शोभायात्रा जो 1 मार्च को श्रीलंका से निकलकर 10 अप्रैल को अयोध्या पहुंचेगी, उस भव्य शोभायात्रा का आज राजनांदगांव आगमन हुआ। राजनन्दगांव के जिला संयोजक भावेश देशमुख एवं योगेश बागड़ी ने बताया कि दोपहर 2:00 बजे बर्फानी धाम में यात्रा के प्रदेश संयोजक योगेश अग्रवाल ने बाबा सत्यनारायण मौर्य एवं यात्रा का स्वागत सत्कार किया, तत्पश्चात दोपहर 5:00 बजे से 7:00 बजे तक भव्य शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो में निकली। सभी श्रद्धालु भक्तजनों ने यात्रा का हृदय से स्वागत किया और यात्रा का



समापन सिंधु भवन में हुआ जहां पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें देर रात तक कवियों ने देश की स्थिति एवं भगवान राम की महिमा का कविता के माध्यम से काव्य पाठ किया जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया।

देश की सबसे बड़ी साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि संगम के द्वारा प्रभु श्री राम के लिए श्री राम काव्य यात्रा श्रीलंका से लेकर के पावन अवध धाम तक जा रही है । प्रभु श्री राम जी जिस मार्ग से श्रीलंका पहुंचे थे, उसी मार्ग से प्रमुख स्थानों पर कवि सम्मेलन की योजना पर यात्रा आरंभ हो चुकी है। राष्ट्रीय कवि संगम छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांताध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि इस काव्य यात्रा में कुल 9 स्थानों पर कवि सम्मेलन व विश्राम स्थल तय किया गया है ।

जो क्रमशः 19 मार्च को राजनांदगाँव में बाबा सत्यनारायण मौर्य ,शंभू मनहर, प्रवीण आजाद, किशोर पारीख, कमल आग्नेय, किशोर तिवारी, हरीश पटेल, ईश्वर लाल साहू, 20 मार्च को धमतरी में बाबा सत्यनारायण मौर्य, शंभू मनहर, प्रवीण आजाद, किशोर पारीख, कमल आग्नेय, भरत गंगादित्य, भावेश देशमुख, मनीराम साहू 21 मार्च को जगदलपुर में बाबा सत्यनारायण मौर्य, शंभू मनहर, प्रवीण आजाद, किशोर पारीख, कमल आग्नेय,रिजेंद्र गंजीर, अशोक यादव, 23 मार्च को गरियाबंद में बाबा सत्यनारायण मौर्य , शंभू मनहर, प्रवीण आजाद, किशोर पारीक, कमल आग्नेय, संजय शर्मा कबीर, जयेन्द्र कौशिक, भव्य सूर्या, 24 मार्च को रायपुर में बाबा सत्यनारायण मौर्य, हरिओम पवार, डॉ अशोक बत्रा, शंभू मनहर, गौरव चौहान, मीर अली मीर,, रमेश विश्वहार, कमल शर्मा, 25 मार्च को शिवरीनारायण में बाबा सत्यनारायण मौर्य , डॉ. अशोक बत्रा, सुदीप भोला, शंभू मनहर, गौरव चौहान , कमल शर्मा, देवेंद्र परिहार , साखीगोपाल पंडा, 26 मार्च को रायगढ़ में बाबा सत्यनारायण मौर्य, डॉ अशोक बत्रा ,शंभू मनहर , सुदीप भोला, गौरव चौहान , देवेंद्र परिहार, सुरेश पैगवार ,दिनेश रोहित चतुर्वेदी, 27 मार्च को जशपुर में डॉ अशोक बत्रा , शंभू मनहर, उपस्थिति में काव्यपाठ के साथ छत्तीसगढ़ की यात्रा संपन्न हो जाएगी।




























## खास-खबर

### आज से हाई कोर्ट में शुरू हुआ कामकाज,याचिकाओं की सुनवाई भी शुरू

**बिलासपुर (ए)।** तीन दिन के अवकाश के बाद सोमवार से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट सहित सरकारी कार्यालयों में कामकाज प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिकाओं की सुनवाई के अलावा रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय में नई याचिका दायर करने का काम भी प्रारंभ हो गया है। सरकारी कार्यालय भी खुल गए हैं। अधिकारी कर्मचारियों के अलावा कामकाज के सिलसिले में आने वाले ग्रामीणों व फरियादियों की भीड़ भी कलेक्टोरेट में नजर आने लगी है। सरकारी कार्यालयों में गुरूवार की शाम से ही सन्नाटा पसर गया था। अधिकांश कर्मचारी भोजनावकाश के बाद कार्यालय छोड़ दिए थे। शहर से बाहर त्योहार मनाने जाने वाले इसमें शामिल थे। तीन दिनों तक सरकारी कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। सुरक्षा कर्मियों के हवाले कार्यालयों को कर दिया गया था। सोमवार को सुबह 10 बजे से ही सरकारी कार्यालयों में चहल पहल दिखाई देने लगी थी। सफाई कर्मचारी भी तय समय पर साफ-सफाई करते नजर आए।

कलेक्टोरेट परिसर स्थित कलेक्टर कार्यालय के अलावा पुरानी व न्यू कंपोजिट बिल्डिंग में कुछ ज्यादा ही चहल पहल दिखाई देने लगी है। कामकाज के सिलसिले में लोगों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। जिला पंजीयक कार्यालय में जमीन खरीदी बिक्री करने वाले भी नजर आने लगे हैं। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट परिसर में भी तीन दिनों बाद चहल पहल दिखाई दे रही है। न्यायालयीन अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा वकीलों व प्रकरणों के सिलसिले में याचिकाकर्ताओं और प्रमुख पक्षकारों की भीड़ भी जुटने लगी है। सोमवार से हाई कोर्ट खुलने के कारण रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय ने रविवार को ही काजलिस्ट जारी कर दिया था। काजलिस्ट के अनुसार तीन डिवीजन बेंच व 12 सिंगल बेंच में प्रकरणों की लिस्टिंग की गई है। इसी के अनुसार सुनवाई भी प्रारंभ हो गई है।

### इंजीनियर युवती की स्वजनों का आज होगा बयान दर्ज

**बिलासपुर (ए)।** न्याधानी के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के कश्यप कालोनी के निजी हास्टल में इंजीनियर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। होली त्यौहार के चलते मृतका के स्वजनों का बयान दर्ज नहीं हो पाया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को मृतका के स्वजनों को बुलाया गया है। इसके बाद बयान दर्ज किया जाएगा। फिर आगे की कार्रवाई शुरू करेंगे।

बीते 12 मार्च को कश्यप कालोनी के गुप्ता हास्टल में बिल्हा के ग्राम बरतोरी के माड़ के रहने वाली प्रियंका कौशिक का शव फंदे में लटकते मिला था। कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुटी है। शुरूआती जांच में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। इसके बाद पुलिस ने कमरे को सील कर दी थी। मृतका के मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। घटना के आठ दिन बाद भी पुलिस मर्ग कायम तक ही सीमित है। मृतका के स्वजन और उसके दोस्तों का बयान दर्ज नहीं किया गया। पुलिस यह भी जानकारी नहीं जुटा पाई है कि मृतका आत्महत्या करने के दौरान किससे बातचीत कर रही थी। मोबाइल का काल डिटेल भी नहीं खंगाला गया है। मृतका प्रियंका के मामा ने इस घटना को आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का आरोप लगाया था। इस दिशा में जांच करने पुलिस से मांग की थी। लेकिन अभी तक मामला शांत पड़ा है। पुलिस मर्ग कायम कर एक कदम भी आगे जांच नहीं बढ़ाया है। मामा को संदेह है कि किसी के उकसाने के कारण ही आत्महत्या की होगी। मोबाइल डिटेल से उकसाने वाले के बारे में पता चल सकता है।

# नशे में धुत्त चालक ने ठेले को मारी टक्कर युवक की मौत, रास्ते में भी लोगों को कुचला

**रायपुर (ए)।** होली की खुमारी में रविवार देर रात एक ऐसा हादसा हुआ जिसमें एक 20 साल के युवक की जिंदगी चली गई। नशे के शौक और लापरवाह ड्राइविंग के चक्कर में एक युवक ने कई राहगीरों को भी घायल किया। इस नशेबाज ड्राइवर को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



बूढ़ा तालाब के ठीक सामने कैलाशपुरी वाली सड़क पर मजार के सामने देव राजपाल नाम का यह ड्राइवर नशे में अपनी एसयूवी को ड्राइव कर रहा था। रात के वक्त लहराती हुई गाड़ी मौत बनकर तांडव कर रही थी। सड़क के किनारे टहल रहे लोगों को घायल करते हुए यह गाड़ी आगे बढ़ी। इस हादसे में 3-4 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सामने से आ रहे गुपचुप ठेले वाले को भी गाड़ी ने अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर की वजह से पूरा ठेला पलट गया और उसमें उसमें रखा सामान कई फीट दूर जा गिरा । ठेले को संभाल रहे 20 साल के लक्ष्मीकांत दोहरे को कुचलती चलती हुई गाड़ी आगे बढ़ गई। मौके पर ही लक्ष्मीकांत की मौत हो गई। कैलाशपुरी इलाके का ही रहने वाला लक्ष्मीकांत गुपचुप बेचकर अपनी रोजी-रोटी चलाया करता था।

इस टक्कर के बाद भी आरोपी ड्राइवर देवराज पाल ने गाड़ी नहीं रोकी। पास ही मौजूद पुलिस पेट्रोलिंग की टीम भी इसका पीछा करने लगी और फिर दोबारा रफ्तार में देवराज पटेल अपनी गाड़ी को आगे बढ़ाने लगा। कुछ और लोगों को टक्कर मार दी। कुछ ही दूरी पर पुलिस की टीम ने इसे रोका और हिरासत में ले लिया। पुलिस की टीम ने देखा कि यह नशे में कार ड्राइव कर रहा था।

### कैमरे में कैद हुई घटना

बिना किसी की परवाह किए आरोपी ड्राइवर कार को बेहद लापरवाह तरीके से ड्राइव कर रहा था। यह घटना कैलाशपुरी इलाके की सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। शिवम नाम के एक शख्स ने बताया कि उसने यह मंजर अपनी आंखों से देखा। गुपचुप ठेले को टक्कर मारने के बाद कार ने शिवम को भी टक्कर मारी जिससे उसके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने अब इस मामले में आरोपी ड्राइवर के खिलाफ धारा 304 के तहत केस दर्ज किया है।

# पार्षद ने मंदिर में बैठकर पी शराब, जमकर हुआ बवाल




**भिलाई (ए)।** शुक्रवार की रात भिलाई चरोदा निगम के वार्ड - 9 राजीव पारा में जमकर हंगामा हो गया। लोगों ने कांग्रेस पार्षद संतोष तिवारी पर मंदिर परिसर में बैठकर शराब पीने का आरोप लगाया। इसके बाद हंगामा मच गया। दोनों पक्षों के बीच हाथापाई की बात भी सामने आ रहीं है। पार्षद और मोहल्लेवासियों के बीच गाली गलौच का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। दोनों पक्षों की शिकायत पर भिलाई -3 पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

इधर पूरे मामले को लेकर भाजपा चरोदा मंडल ने मोर्चा खोल दिया है। भाजपा चरोदा मंडल द्वारा राइट टू रिकाल के तहत पार्षद को वापस बुलाए जाने की मांग को लेकर अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। वहीं कांग्रेस पार्षद तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष संतोष तिवारी इसे राजनीति से प्रेरित आरोप बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि सच कुछ और है बताया कुछ और जा रहा है। हारे हुए लोग उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पहला पक्ष-** आरोप है कि पार्षद संतोष तिवारी वार्ड -9 राजीव पारा के शनि मंदिर के पास शराब पी रहे थे। मोहल्ले के रवि वर्मा सहित कुछ युवकों ने उन्हें मंदिर परिसर में शराब पीने से मना किया तो वे भड़क गए तथा रवि वर्मा की पिटाई कर दी। इस बात से मोहल्ले को लोगों में आक्रोश फैल गया। बाद में महिलाओं ने संतोष तिवारी के साथ गाली गलौच करते हुए उनकी पिटाई कर दी। इसका वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है।

**दूसरा पक्ष-** पार्षद संतोष तिवारी घर लौट रहे थे तभी राजीव पारा में कुछ युवक आपस में झगड़ा कर रहे थे। इसमें एक उनके मामा का लड़का विकास तथा अन्य थे। उन्होंने दोनों पक्षों की समझाइश दी तथा सभी को घर भेजकर अपने घर आ गए। रात में कुछ लोग घर आए और बताया कि बवाल ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। संतोष तिवारी के समर्थकों का कहना है कि उनके खिलाफ साजिश के तहत महिलाओं को आगे कर वीडियो वायरल किया जा रहा है। कुछ लोगों द्वारा झूठ फैलाया जा रहा है।

मामले में बढ़ते बवाल के बाद भिलाई तीन पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस पर भी इस केस को लेकर खासा दबाव है। पुलिस मामले की जांच के बाद इस पर कोई कार्रवाई करेगी।

# मनी लांड्रिंग केस में फंसे शराब कारोबारी सुभाष शर्मा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

**रायपुर।** शराब कारोबारी सुभाष शर्मा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया हे। ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 14 दिनों की ईडी रिमांड में सुभाष शर्मा मनी लांड्रिंग के केस में फंसे शराब कारोबारी सुभाष शर्मा को न्यायिक रिमांड में 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के बाद ईडी कोर्ट में पेश किया। रिमांड के दौरान ईडी रेड के दौरान मिले कुछ दस्तावेजों के बारे में सुभाष शर्मा से पूछताछ की गई। पूछताछ में कई अहम जानकारी मिली है। जिसके आधार पर आगे की जांच की जाएगी।




ईडी ने सुभाष शर्मा की 39.68 करोड रुपये की चल-अचल संपत्ति को भी अटैच किया है। सुभाष शर्मा ने खुद के द्वारा संचालित और नियंत्रित कंपनियों के माध्यम से विभिन्ना बैंकों से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों रुपये का लोन लिया था। इस संबंध में छत्तीसगढ़ पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो में करीब 54 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले दर्ज किए गए हैं। इन्हीं मामलों के आधार पर ईडी ने मनी लान्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू की।

### गोमांस तस्करी करते तीन गिरफ्तार

# गो-सेवकों ने थाने में किया हंगामा

**रायपुर (ए)।** गोमांस की तस्करी करने वाले तीन तस्कारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उरला थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं पशु चिकित्सक द्वारा शव को पीएम के लिए भिजवाया गया है। रिपोर्ट के बाद बड़े मामले का राजफाश हो सकता है। पुलिस ने तीनों के पास से दो बोरी गौमांस बरामद किया है। दोनों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु प्रशिक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।







दीपेन्द्र सिंह ने उरला थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। दीपेंद्र सरिया इस्पात में काम करते हैं। रविवार दोहपर करीब एक बजे वह कंपनी से बाहर निकला था। इसी दौरान देखा कि अछोली के पास मुक्तिधाम के पास तीन लोग संदिग्ध रूप से खड़े हैं। उनके हाथ पैर में खून लगा था। अंदेशा होने पर पूछताछ की गई दो लोग भागने लगे। वहीं पास एक आटो खड़ी थी। जिसके पीछे दो बोरी मांस था। मुक्तिधाम के अंदर दो गाय पड़ी हुई थी। इसकर सूचना बजरंग दल कार्यकर्ताओं को फोन पर दी गई। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने में जमकर हंगामा किया। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों के नाम 22 वर्षीय गजानंद सोना, 30 वर्षीय किशोर सोना और 32 वर्षीय सुनील घृतलहरे है।

### गो-सेवक ने किया घेराव

उरला थाना अंतर्गत अछोली मुक्ति धाम के अंदर गोमांस को बोरी में भरा जा रहा था। आटो में भर के ले तस्कर ले जाने की तैयारी में थे। जिसको धर्म प्रेमी गो सेवक साथियों के द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया। घटना को दिनदहाड़े अंजाम दिया जा रहा था। गौ सेवक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। और सैकड़ों सेवक थाने का घेराव करने पहुंच गए। आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ उनका जुलूस निकाले की मांग की गई है।

### डिवाइडर से टकरा कर पलटी कार

# भीड़ देख तेज रफ्तार कार रॉन्ग साइड में घुसाई

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में तेज रफ्तार कार को युवक ने रॉन्ग साइड से घुसा दिया। जिससे डिवाइडर से टकराकर कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि, हादसे में कार चालक के साथ ही अन्य किसी को चोट नहीं लगी। कार चालक की इस लापरवाही के बावजूद बड़ी घटना टल गई। इस घटना के चलते करीब आधे घंटे तक जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को किनारे कराया और चालक को थाने ले गई। पुलिस ने बिना कोई कार्रवाई के ही चालक को छोड़ दिया। घटना सिविल लाइन थाने की है। बताया जा रहा है कि घटना रविवार की रात करीब 9.30 बजे की है। स्विफ्ट कार सवार होकर नेहरू चौक तरफ से तेज गति से आ रहा था। अभी वह जिला न्यायालय के सामने रोड से तेज रफ्तार से जा रहा था, तभी सामने वाहनों की भीड़ देखकर उसने गलत दिशा में कार घुसा दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। कार के पलटने के बाद युवक अंदर फंस गया था। वह उलटी हुई कार से कड़ी मशक्कत कर बाहर निकला। हालांकि, बड़ी दुर्घटना टल गई।

### फांसी पर लटकती मिली युवक की सड़ी-गली लाश

# कमरे से बदबू आने पर पड़ोसियों को पता चला

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में कमरा बंद कर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश तीन दिन तक कमरे के भीतर फंदे पर लटकती रही और किसी को भनक तक नहीं लगी। शव से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को बुलाया और कमरे का दरवाजा तोड़ा, तब अंदर युवक की लाश सड़ चुकी थी और उसमें कीड़े लग गए थे। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है।

बहतराई निवासी दुर्गेश गोड़ (20) घर में अकेले रहता था। वह नशा लेने का आदी भी था। तीन दिन से वह आसपास नहीं दिख रहा था। पड़ोसियों ने भी उसके गायब होने पर ध्यान नहीं दिया। हालांकि, उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। अचानक कमरे से बदबू आने पर पड़ोसियों ने कमरे में झांक कर देखा, तब लाश फंदे पर लटक रही थी। उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी।

सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंची, तब कमरे से बदबू आ रही थी। किसी तरह नाक बंद कर पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़ा, तब अंदर युवक की लाश फांसी पर लटक रही थी। स्वीपर बुलवा कर शव को नीचे उतारा गया। एएसआई रमेश ध्रुव ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि युवक आदतन नशेड़ी था। माना जा रहा है कि तीन दिन पहले यानी होलिका दहन की रात ही युवक ने फांसी लगा ली होगी।

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
V.I.P.
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्टाली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

खास - खबर

## हॉकी संघ ने मुख्यमंत्री से रखी दुर्ग में एस्ट्रोटर्फ मैदान की मांग

**भिलाई।** दुर्ग जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अंसार,सचिव गुलाम रहमानी,विनोद वाघ, सूर्यमणि मिश्रा ने कांग्रेस के जिला महामंत्री अज़हर जमील के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भुपेश बघेल से उनके भिलाई-तीन स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान उन्हें हॉकी को बढ़ावा देने किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई एवं एस्ट्रोटर्फ मैदान से संबंधित अपनी मांगों को रखा। मुख्यमंत्री ने गंभीरता से संघ की बातों को सुना और मांगों के पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ ने विगत 10 वर्षों में हॉकी संघ द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों से भी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान दुर्ग कलेक्टर डॉ. नरेंद्र भुरे को हॉकी संघ की मांगों के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सौजन्य मुलाकात के बाद जिला हॉकी संघ ने प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री राजेन्द्र साहू का इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष अंसार अहमद और उपाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को बताया कि एस्ट्रोटर्फ के लिए जिला हॉकी संघ 10 साल से प्रयासरत है और अभी तक यह मांग पूरी नहीं हुई है जबकि जिले ने अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं जो कि एक दुर्ग शहर का इतिहास है। पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में एस्ट्रोटर्फ की कमी के कारण सभी आयोजनों में नए खिलाड़ी पिछड़ते जा रहे हैं। इसलिए वर्तमान में एस्ट्रोटर्फ अति आवश्यक है। इस अवसर पर गुलाम रहमानी सचिव, विनोद वाघ वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी व अजहर जमील सहित कांग्रेस महामंत्री सहित अन्य मौजूद थे।

## ताजुद्दीन औलिया के उर्स में संदल के साथ निकाली पालकी

**भिलाई।** हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैह नागपुर के उर्स पाक के मुबारक मौके पर साक्षरता चौक के सामने ताज दरबार में 17 मार्च गुरुवार की शाम बाबा ताज का दरबारी शाही संदल पूरी शानो शौकत के साथ निकला गया। ताज दरबार के गद्दी नशीन मोहम्मद सादिक, दरबार की संचालक-संस्थापक हज्जन बदरूननिसां ताजी व ताज अंजुम ताजी की निगरानी पूरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संदल में धमाल डीजे की धुनों पर घोड़ों की चाल भी देखने लायक थी साथ ही बाबा ताज की पालकी के दीदार करने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। संदल जहां जहां से गुजरा लोगों ने आगे बढ़कर बाबा ताज की पालकी के करीब आकर अपनी अकीदत पेश की। पूरे इलाके से घूमने के बाद संदल वापस ताज दरबार पहुंचा। जहां बाबा ताज के आस्ताने पर संदल की चादर और फू लों की चादर पेश की गई। बाबा ताज को सलाम पेश करने के बाद जायरीनों के लिए खास दुआएं भी मांगी गई। जिसमें मुल्क में अमन चैन, सभी परिवारों की खुशियां और रोजी-रोटी में बरकत के लिए खूब दुआएं की गई। ताज दरबार के गद्दी नशीन मोहम्मद सादिक ताजी का गुलाबों के हार से इस्तकबाल किया गया। ताज दरबार कमेटी की अध्यक्ष हज्जन बदरूननिशा ताजी ने बताया कि आखरी कड़ी के तौर पर लंगर रखा गया। जिसमें हजारों की तादाद में बाबा ताज के मुरीदो सहित उन्हें मानने वालों ने शिरकत की। आयोजन को सफल बनाने में डॉक्टर अहमद,फ हीम खान,पिंटू बर्मन,अशरफ अली,जांनिसार अख्तर,दिलीप वर्मा,मनीष गुप्ता,शेख प्यारे,अमरीक सिंह व चांद अली सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

# शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए चालकों का 3 माह तक लाइसेंस निरस्त करवाने मुहिम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग** । यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा होली पर 298 वाहन जप्त कर चालानी कार्यवाही की है। 553 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले को आज 21 मार्च को छोड़ा जाएगा।

ऐसे वाहन चालकों पर कम से कम 10000 का अर्थदंड आरोपित भी किया जाएगा साथ ही यातायात पुलिस विभाग द्वारा एस्से वाहन चालकों का 3 माह तक लाइसेंस निरस्त करने के लिए परिवहन वह को पत्र लिखा जाएगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग बी. एन. मीणा ने बताया कि होली त्योहार पर किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना घटित न हो इसको ध्यान में रखते हुए सड़क दुर्घटना को रोकने के प्रयास में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा 16 मार्च से ही लगातार वाहन चेकिंग पॉइंट लगाकर एवं सिविल टीम द्वारा तीन सवारी, मोडिफाइड साइलेंसर , लापरवाहीपूर्वक/हुड़दग करते हुए, बिना नंबर, शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने पर 298 वाहनो को जप्त किया गया है । जिसे होली के बाद चालानी कार्रवाई कर छोड़ा जाएगा ।

553 वाहन चालको पर मोटर व्हीकल के तहत कार्यवाही किया गया । इसी प्रकार शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने वाले वाहन चालकों को सी.जी.एम. न्यायालय दुर्ग में 21 मार्च को पेश किया जायेगा। जिसमें मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के तहत कार्यवाही कर प्रत्येक वाहन चालकों से न्यूनतम 10,000/- अर्थदण्ड दण्डित किया जायेगा । वाहन चालकों के ड्राईविंग लायसेंस तीन माह के लिए निलंबन की कार्यवाही के लिये परिवहन विभाग को भेजा जायेगा ।

यातायात पुलिस द्वारा किये गये कार्यवाही के परिणाम स्वरूप हुडदंग व सड़क पर रेस ड्रायविंग करने वालों पर अंकुश रहा । जिससे होली के दिन किसी प्रकार की गंभीर सड़क दुर्घटना घटित नहीं हुआ एवं होली त्योहार शांतिपूर्ण मनाया गया।

सुराना कालेज में बी लिब पाठ्यक्रम का संपर्क कार्यक्रम संपन्न

## व्यवस्थायिक पाठ्यक्रम में प्रायोगिक दक्षता ज्यादा महत्वपूर्ण - डॉ. शर्मा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** केवल संधान्तिक ज्ञान से पुस्तकालय का कुशल प्रबंधन करना कठिन है, इसीलिए बी लिब जैसे व्यवस्यायिक पाठ्यक्रमों में प्रायोगिक दक्षता ज्यादा महत्वपूर्ण है। उपरोक्त विचार पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ डी एन शर्मा ने बी लिब पाठ्यक्रम की संपर्क कार्यक्रम के समापन के अवसर पर व्यक्त करते हुए विधार्थियों को लगन व मेहनत से वार्षिक परीक्षा की तैयारी में जुटने को कहा।

उन्होंने दूर दराज क्षेत्रों से आये विधार्थियों की इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए आयोजन के लिए सुराना महाविद्यालय का आभार व्यक्त किया । पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर के कबीरधाम, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा व दुर्ग जिले के अध्ययन केन्द्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सुराना महाविद्यालय के पुस्तकालय शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस दस दिवसीय संपर्क कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने पुस्तकालय विज्ञान के व्यावहारिक पक्षों से शामिल 90 शिक्षार्थी अवगत कराया। आरम्भ में विभागाध्यक्ष सुश्री भावना वर्मा ने 10 दिनों की शैक्षणिक गतिविधियों पर संक्षेप में प्रकाश डाला। कु आभा साहू, देवेन्द्र बंजारे व अन्य शिक्षार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये।

## बीएसपी के रिटायर कर्मियों से हमेशा मजबूत रहेगा हमारा संबंध - मिश्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 भिलाई नगर में विदाई समारोह का आयोजन रविवार की दोपहर किया गया। जिसमें माह जनवरी, फरवरी और मार्च में सेवानिवृत्त होने जा रहे भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों को ससम्मान विदाई दी गई। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा व समस्त संचालकगणों की ओर से इन रिटायर हो रहे कर्मियों का अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि, भिलाई स्टील प्लांट में सुदीर्घ सेवा देने वाले हमारे सभी अग्रज न सिर्फ बीएसपी बल्कि समाज की धरोहर है। हम हमेशा इनका मार्गदर्शन लेते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इन वरिष्ठ नागरिकों का भिलाई इस्पात संयंत्र और हमारी सोसाइटी के साथ बना रिश्ता हमेशा मजबूत रहेगा।

इन रिटायर होने वाले कर्मचारियों में रामधनुष चंद्राकर, मनहरण लाल, गजाधर नेताम, सुरेंद्र कुमार यादव, बालकिशन यादव, जाविंदर प्रसाद, भुवन लाल,दशरथ मेश्राम, देवेंद्र कुमार यादव और हरिनारायण को अध्यक्ष व संचालकगणों की ओर से उनके अंतिम भुगतान का चेक, उपहार व मिष्ठान्न प्रदान किया गया। रिटायर हो रहे कर्मी रामधनुष चंद्राकर ने अपने उद्गार में अपना सेवाकाल याद किया और सम्मान के लिए सोसाइटी परिवार का आभार जताया। इस अवसर पर संचालक मंडल के सदस्य केपी चंद्राकर तथा प्रतिनिधिगण शैलेश सिंह और सुनील शर्मा सहित सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी प्रबंधक एम मुरली ने किया और आभार प्रदर्शन संचालक हरिराम यादव ने व्यक्त किया।

राज्यसभा सांसद ने भाजपाइयों संग देखी कश्मीर फाइल्स:

## सरोज पांडेय बोलीं-राज्य सरकार को टैक्स फ्री करना चाहिए मूवी, जिससे सभी लोग इसे देख और समझ पाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भाजपा नेत्री और राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय रविवार को अपने कार्यकर्ताओं और पत्रकारों के साथ द कश्मीर फाइल मूवी देखने पहुंची।

भिलाई के सिनेमा हॉल में फिल्म देखने के बाद उन्होंने कहा कि कश्मीर की सच्चाई को शायद सभी जानते होंगे, लेकिन जितना करीब से इस मूवी में देखने को मिला है वह बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस मूवी को टैक्स फ्री करना चाहिए, जिससे राज्य के सभी लोग इस मूवी को देख पाएं।

राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने कहा कि द कश्मीर फाइल मूवी देखकर उस सच को



दिखाया गया है, जिसे कश्मीरी पंडितों ने सहा और भोगा है। उनके इस दर्द को शायद अब तक लोगों ने इतने करीब से नहीं देखा होगा। भारत देश का ये ऐसा दर्द है जो भारतियों के सामने इस मूवी के माध्यम से लाया गया है। एक मां के सामने एक बेटे को मार दिया जाए और बेटे के सामने मां को मार दिया जाए। इस दर्द को हम शब्दों के माध्यम से बयां नहीं कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कश्मीर में धारा 370 लागू करके इस अत्याचार के खिलाफ एक बहुत बड़ा काम किया है। इससे कश्मीर में फिर शांति होगी, वहां की संस्कृति को बचाया जा सकेगा और वहां के कश्मीरी पंडित एक बार फिर से कश्मीर वापस जा पाएंगे।

फिल्म के दौरान दर्शकों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे लगाए। फिल्म देखने के बाद सभी लोगों के चहरे उस दर्द से उदास हो गए थे, जो कश्मीरी पंडितों के साथ कश्मीर में हुआ है। सभी मूवी के सीन को लेकर अलग-अलग तरह की बातें करते रहे।

## इंडियन कॉफी हाउस के कमरे मे जुआ, पुलिस ने की कार्रवाई, 05 जुआड़ी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मोहन नगर पुलिस ने रविवार की देर रात स्टेशन के सामने स्थित इंडियन कॉफी हाउस में छापा मारा। होटल के एक कमरे से 5 जुआरी गिरफ्तार किए गए। उनसे 37 हजार रुपए जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग के नेतृत्व में थाना मोहन नगर पुलिस की कार्यवाही होटल मैनेजर की तत्परता से सूचना पर त्वरित कार्यवाही इंडियन काफी हाउस के कमरा अंदर हो रहा था 52 पत्ति तास का खेल पुलिस की रेड पर सपडाये 05 जुआड़ी आरोपियो से कुल नगदी रकम 37,195 रूप्ये एवं 52 पत्ती तास जप्त जप्त सामाग्री नगदी रकम 37,195 रू. एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर जुआड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जुआ खेलते विक्की जसवानी पिता



रिजुमल जसवानी 32 साल साकिन हरि नगर दुर्ग,दीपक रतनानी पिता बुद्धल दास रतनानी उम्र 40 साल साकिन सिंधी कालोनी दुर्ग श्याम भावनानी पिता स्व. कैलाश चंद भावनानी उम्र 45 साल साकिन संतराबाडी दुर्ग रितेश मंगलानी पिता स्व. पवन कुमार मंगलानी उम्र 40 साल साकिन सिंधी कालोनी दुर्ग स्वपनिल कुमार जैन पिता स्व.टी.सी. जैन उम्र 45 साल साकिन संतराबाडी दुर्ग 4 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।






# स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था द्वारा होली मिलन समारोह संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था द्वारा दिनांक 17 -03 -2022 को वन्दे मातरम उद्यान स्मृति नगर में होलिका दहन होली मिलन संगीत संध्या व् महापौर नगर पालिक निगम भिलाई नीरज पाल के नागरिक अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता एम आई सी सदस्य संदीप निरंकारी ने की कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुरेख मदनाल ने किया इस अवसर पर संस्था के संचालक राजेंद्र सिंह कलसी , संदीप चौधरी , संदीप रामटेके , सुरेंद्र सिंह , श्रीमती लक्ष्मीश्री चटर्जी , उर्मिला उपाध्याय और सुश्री आरती अरोरा की उपस्थिति में अध्यक्ष राजीव चौबे ने महापौर नीरज पाल एवं संदीप निरंकारी को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया एवं संस्था की तरफ से अभिनन्दन पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया और अपने उद्बोधन में कहा कि नीरज याने कमल की उत्पत्ति विष्णु की नाभि से हुई है और कमल पर ब्रह्मा जी विराजते हैं जो सृजन के अधिष्ठाता हैं अतः कमल सृजन का आधार है इस तरह नीरज पाल अपने नाम के अनुसार सृजन के प्रति कटिबद्ध हैं , कार्यक्रम के अध्यक्ष संदीप निरंकारी ने अपने उद्बोधन में नीरज पाल एवं राजीव चौबे को सामान स्वाभाव विशेषकर कर्मठता का उल्लेख किया। महापौर नीरज पाल ने राजीव चौबे के घनिष्ठ मित्रता की वजह से बहुत ही अनौपचारिक उद्बोधन में कहा कि राजीव चौबे उनके बचपन के मित्र हैं और उन्होंने एक साथ राजनीती में प्रवेश किया और हर सुख दु:ख के साथी रहे हैं ।

आगे भी स्मृति नगर सहित पूरे भिलाई के विकास के लिए वो वचनबद्ध हैं। गत दो वर्षों के कोविड काल के पश्चात स्मृति नगर में पहला सार्वजानिक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे स्मृति नगर वासियों की अत्यंत उत्साह जनक उपस्थिति देखि गई संगीत संध्या में श्रीमती मनीषा चौधरी , सुरेखा मदनाल ,अजय चतुर्वेदी , संदीप चौधरी ,गिरीश चतुर्वेदी , संजीव मिश्रा , अनामिका गुहा राय , रेणु शर्मा ,सान्वी चौधरी, द्वारा पुराने फ़िल्मी गानों की प्रस्तुति ने समां बाँध दिया। स्मृति नगर वासियों ने देर रात तक पूरे परिवार के साथ कार्यक्रम का आनंद उठाया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950